



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 35 अंक 321 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 21 अगस्त 2024 डाक 22 अगस्त 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

नई दिल्ली में आईटीओ के पास भारी बारिश के बाद ट्रैफिक जाम में फंसे वाहन



**देश-विदेश**

ममता सरकार को फटकार, मृतका की डिटेल हटाने का आदेश, सुप्रीम कोर्ट में क्या-क्या हुआ



**फीचर पेज**

हर महीने पूरा खर्च हो जाता है वेतन? पैसे बचाने के लिए आजमाएं ये 5 तरीके




# आज भारत बंद का आव्हान

## सबसे ज्यादा असर बिहार में, पटना में प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज, कई जिलों में सड़क जाम, आरा-बक्सर में रोकी गई ट्रेनें, कई जिलों में स्कूल बंद, पंजाब में बाजार खुले

**नईदिल्ली, 21 अगस्त [एजेंसी]।**

21 अगस्त 2024 यानी आज भारत बंद के नाम से देशभर में हड़ताल का आह्वान किया गया है। यह एक राष्ट्रव्यापी हड़ताल है, जिसमें एससी/एसटी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का विरोध किया जाएगा।आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति और राजस्थान के एससी/एसटी समूह इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, बंद के आह्वान के बावजूद सरकारी कार्यालय, बैंक, स्कूल, कॉलेज और पेट्रोल स्टेशन खुले रहने की संभावना है। बसपा समेत कई पार्टियां इस बंद का समर्थन कर रही हैं। उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में भारत बंद में लोगों ने रैली निकाली। आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के विरोध में आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति आज एक दिन का भारत बंद कर रही है। पंजाब के फाजिल्का के बाजारों में भारत बंद को लेकर फिलहाल कोई असर दिखाई नहीं दे रहा। आम दिनों की तरह बाजार खुले हुए हैं। स्कूल भी खुले हैं और यातायात भी जारी है। इस हड़ताल को लेकर एक पक्ष बंद का विरोध कर रहा है जबकि एक पक्ष में बंद का आह्वान किया है जिसके चलते पुलिस बड़ी संख्या में विभिन्न जगहों पर मौजूद है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण श्रेणियों के भीतर उप-वर्गीकरण की अनुमति देने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ बुलाए गए भारत बंद को अपना समर्थन दिया। बिहार के सारण जिले में बहुजन दलित समाज के भारत बंद को लेकर बुधवार को पुलिस सुबह से ही अलर्ट मोड पर है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में ट्रैफिक एक्शन फोर्स एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है। मुख्य मार्ग एवं शैक्षणिक संस्थाओं के पास पुलिस गस्ती कर रही है। पटना में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया है। यहां प्रदर्शनकारी बैरिकेट तोड़ते हुए डाक बंगले की तरफ बढ़ने की कोशिश कर रहे थे। कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। बिहार के सहरसा में लोगों ने प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए। आरजेडी कार्यकर्ताओं ने भी प्रदर्शन किया। इनका आरोप है कि केंद्र सरकार आरक्षण खत्म करना चाहती है। गली मोहल्ले में बाइक से पुलिस गस्ती कर रही है। वहीं, रेल प्रशासन बंद को लेकर मुस्तैद है। छपरा जंक्शन, छपरा कचहरी एवं रेलवे ढाला पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। रेल पटरी पर आरपीएफ के जवान पेट्रोलिंग कर रहे हैं। नवादा में आज भारत बंद के ऐलान के बीच सिपाही भर्ती की परीक्षा होनी है। परीक्षार्थी अपने-अपने केंद्रों पर पहुंचने लगे हैं।




इस बीच शहर की प्रजातंत्र चौक पर अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदर्शनकारी भी झंडा बैनर के साथ उतर गए हैं। वाहनों को जबरन रुकवाया जा रहा है। पुलिस भी मुस्तैद नजर आ रही है।बीएसपी ने एससी/एसटी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ भारत बंद को समर्थन दिया है। बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने बुधवार को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण श्रेणियों के भीतर उप-वर्गीकरण की अनुमति देने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ बुलाए गए भारत बंद को अपना समर्थन दिया। आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के विरोध में आज एक दिन का भारत बंद कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बंद के आह्वान के बावजूद सरकारी कार्यालय, बैंक, स्कूल, कॉलेज और पेट्रोल पंप खुले रहने की उम्मीद है। इसके अलावा, स्वास्थ्य सेवा, जल आपूर्ति, सार्वजनिक परिवहन, रेलवे और बिजली जैसी आवश्यक सेवाएं भी आज चालू रहने की संभावना है। अस्पताल, एम्बुलेंस और चिकित्सा सुविधाएं जैसी आपातकालीन सेवाएं चालू रहेंगी। बैंकों, सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के बंद रहने की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

# बदलापुर में बच्चियों के यौन शोषण का मामला: संजय राउत ने शिंदे सरकार को घेरा, सुप्रिया सुले का विरोध प्रदर्शन



**मुंबई, 21 अगस्त [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र में बदलापुर के एक स्कूल में बच्चियों के कथित यौन उत्पीड़न के मामले में अब जबरदस्त बवाल शुरू हो गया है। यह मामला अब राजनीतिक रुख ले चुका है। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने इस मामले में प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सुरक्षा के मामले में महाराष्ट्र सरकार को घेरा। संजय राउत ने इस घटना को एक घिनौना अपराध बताया। इसके साथ ही बदलापुर नहीं जाने पर उन्होंने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को भी घेरा। राकांपा-एसपी नेती सुप्रिया सुले ने इस घटना के विरोध में महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में अपराध बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में खासकर महिलाओं के साथ अपराधों की संख्या में वृद्धि हुई है।

संजय राउत ने कहा, महाराष्ट्र में और क्या हो सकता है। बलात्कार के खिलाफ सार्वजनिक रोष है। पीड़िता को सुरक्षा देने के लिए, न्याय मांगने के लिए जो लोग सड़क पर उतरे हैं और आप(महाराष्ट्र सरकार) उनके खिलाफ मामले दर्ज करते हो। यह क्यों हुआ। जिस संस्था में हुआ वो किसकी है। लोग सड़क पर इसलिए बैठे हैं क्योंकि पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं कर रही थी। पुलिस पर किसका दबाव था। मुख्यमंत्री से मेरा सवाल है कि वे बदलापुर क्यों नहीं गए। कोलकाता में जो हुआ आप (एकनाथ शिंदे) उस पर बोलते हो लेकिन महाराष्ट्र में उससे भी घिनौना अपराध दो बच्चियों के साथ हुआ है, लोग सड़क पर बैठे हैं।

राकांपा-एसपी नेता सुप्रीया सुले ने इस घटना पर प्रतिक्रिया दी और राज्य की मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया। सुप्रिया सुले ने कहा, महाराष्ट्र में अपराध बढ़ गया है। यह मैं नहीं कह रही हूं। यह सरकार का डाटा बटा रहा है। चाहे वह पोर्श मामला हो या पिर ड्रग्स मामला। महाराष्ट्र में महिलाओं के के खिलाफ अपराध ज्यादा बढ़ गया है। बदलापुर की घटना संवेदनशील है। जिस तरह से इसे नजरअंदाज किया जा रहा है, वह दर्दनीय है। जब लोग सड़कों पर आए, तब सरकार जागी।

## इराक जा रही पाकिस्तानी तीर्थयात्रियों की बस दुर्घटनाग्रस्त, 28 लोगों की मौत

***तेहरान, 21 अगस्त [एजेंसी]।***

*पाकिस्तान से इराक जा रहे शिया तीर्थयात्रियों की एक बस दुर्घटनाग्रस्त होने से बड़ा हादसा हो गया है। दरअसल, शिया तीर्थयात्रियों से भरी बस सेंट्रल ईरान में दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें 28 लोगों की मौत हो गई है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना के मुताबिक, स्थानीय आपातकालीन अधिकारी मोहम्मद अली मालेकज़ादेह ने बताया कि यह दुर्घटना मंगलवार रात को ईरान के यज़्द प्रांत में हुई। अली मालेकज़ादेह ने बताया कि इस दुर्घटना में 23 अन्य लोग भी घायल हुए हैं, जिनमें से 14 की हालत गंभीर है। दुर्घटना के समय बस में 51 लोग सवार थे। सभी तीर्थयात्री अरबईन की याद में इराक जा रहे थे, जो 7वीं शताब्दी में एक शिया संत की मृत्यु के 40वें दिन मनाया जाता है।*

# महाकाल मंदिर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने तोड़ा नियम, गर्भगृह में जाकर किए दर्शन



**उज्जैन, 21 अगस्त [एजेंसी]।**

महाकाल मंदिर में गर्भगृह में प्रवेश पर प्रतिबंध के बावजूद भाजपा के वरिष्ठ नेता नियमों का लगातार उल्लंघन कर रहे हैं। गत दिनों विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने नियमों का उल्लंघन किया था। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने परिवार सहित गर्भगृह में प्रवेश कर पूजा अर्चना की।बीते एक साल से महाकाल मंदिर के गर्भगृह में पंडे-पुजारियों को छोड़ सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रवेश प्रतिबंधित रखा गया है। श्रावण मास में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ जाती है। बढ़ती भीड़ के कारण प्रत्येक श्रद्धालु को गर्भगृह में प्रवेश देना संभव नहीं रहता।

ऐसे में सभी के लिए दूर से दर्शन की व्यवस्था की गई। पिछले एक साल से गर्भगृह में प्रवेश पर प्रतिबंध है। बावजूद सत्ता पक्ष के वरिष्ठ नेताओं द्वारा बार-बार नियमों को तार-तार किया जा रहा है। गत दिनों विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने गर्भगृह में प्रवेश कर पूजा की। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने परिवार सहित गर्भगृह में प्रवेश कर पूजा अर्चना की। इस दौरान भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष बहादुरसिंह बोरमुंडला व दो अन्य लोग भी गर्भगृह में गए। इस मामले में अधिकारियों से बातचीत की गई तो वे टालमटोल भरे जवाब देते रहे।

## दर्दनाक हादसा, खड़े ट्रक में घुसी अनियंत्रित कार, चार की मौत और दो घायल

**इटावा।** आगरा-कानपुर हाईवे पर एक कार अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इटावा जिले में आगरा-कानपुर हाईवे पर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बुधवार सुबह करीब साढ़े छह बजे कानपुर की ओर जा रही कार अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। सूचना पर पहुंची इकदिल पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया है। हादसे की वजह चालक को झपकी आना माना जा रहा है।

# युवक की गोली मारकर हत्या कार में बंद मिला शव, संदेही हिरासत में



**अंबिकापुर, 21 अगस्त [एजेंसी]।**

अंबिकापुर के युवा व्यवसायी अक्षत अग्रवाल की गोली मार कर हत्या कर दी गई। युवक का शव चठिरमा जंगल में उसी की कार में मिला है। संदेह के आधार पर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। मनेंद्रगढ़ रोड स्थित अंबिका स्टील के संचालक महेश केडिया का पुत्र अक्षत अग्रवाल शाम को घर से कार से निकला था। उसका फोन अचानक बंद हो गया था। खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल रहा था। देर रात स्वजन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच में पाया कि युवा व्यवसायी अक्षत अग्रवाल के साथ एक युवक भी था। युवक पहले युवा व्यवसायी के यहां ही काम करता था। जब उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने चठिरमा जंगल में युवक की लाश उसी के कार में शव होने की जानकारी दी। तब पुलिस घटनास्थल पहुंची। कार की ड्राईविंग सीट पर ही युवक की लाश पड़ी थी। प्रारंभिक जांच में दुकान के पूर्व कर्मचारी द्वारा ही हत्या की जानकारी दी है। अभी पुलिस टीम घटनास्थल पर ही है। कार का शीशा तोड़कर लॉक खोला गया है। शरीर में एक गोली भी मिली है। संदेही द्वारा युवा व्यवसायी का सोने का चैन, दो अंगूठी और नकदी रकम ले जाने की जानकारी दी गई है। संदेही ने यह भी बताया कि युवा व्यवसायी ने ही उसे कार में बैठाया था। किसी की हत्या करने की जानकारी दी थी। इसके बदले बड़ी राशि और सोना देने की बात कही थी। घटनास्थल पर युवा व्यवसायी ने ही बैग से हथियार निकाला और खुद की सुपारी देने की बात कह पेट पर गोली चला दी। तब संदेही द्वारा दूसरी गोली मारने की जानकारी सामने आई है। हालांकि संदेही के प्रारंभिक बयान पर पुलिस को भरोसा नहीं है।






# 8 जिलों के कलेक्टर्स के उड़े होश, मचा हड़कंप



**नईदिल्ली।** साइबर अपराधियों द्वारा रोज ठगी ने नए मामले सामने आ रहे हैं. अब इनके निशाने पर नौकरशाह हैं. साइबर अपराधियों ने मध्य प्रदेश में कई छ्रूको निशाना बनाया है। साइबर ठगों ने अब देश के जिला कलेक्टर्स को अपना निशाना बनाना शुरू किया है। कल्पना कीजिये आपको, आपके जिले के कलेक्टर का एक व्हाट्सएप मैसेज आए, जिसमें वो पहले आपसे, आपका हालचाल पूछते हैं, फिर पूछते हैं कि आप इस समय कहां हैं, और फिर कहते हैं कि मुझे तुरंत कुछ पैसे की जरूरत है. साइबर ठगों ने पिछले दिनों मध्य प्रदेश में 8 जिलों के कलेक्टर्स के नाम पर ठगी की कोशिश की। जिसमें कुछ लोग इनकी ठगी का शिकार बन भी गए। ठग आम लोगों को ठगी का शिकार बना रहे थे, लेकिन अब उनकी हिम्मत इतनी बढ़ चुकी है कि वो मंत्री से लेकर जिला कलेक्टर के नाम पर ठगी कर रहे हैं। इन कलेक्टर्स से पहले साइबर ठगों ने मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह का फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर लोगों से ठगी करने की कोशिश की थी। इसके बाद साइबर ठगों ने 8 जिला कलेक्टर्स के नकली व्हाट्सएप अकाउंट बना लिए। उनकी प्रोफाइल पिक्चर पर उनकी असली फोटो लगाई और लोगों को मैसेज भेजकर ठगी शुरू कर दी इन ठगों ने व्हाट्सएप नंबर पर जिला कलेक्टर का फोटो लगाया, उनका नाम लिखा और इन नकली व्हाट्सएप अकाउंट के जरिये इन ठगों ने उनके परिचितों, रिश्तेदारों और जूनियर अधिकारियों को मैसेज किए और पैसे मांगे।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

**डॉ.आर.के.अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )

**डॉ.शशि अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


# डाकघर में सीबीआई की छापेमारी कई दस्तावेज जब्त, सुसाइड से हड़कंप



**बुलंदशहर।** बुलंदशहर प्रधान डाकघर के अधीक्षक ने सुसाइड कर लिया। बुधवार सुबह उन्होंने अलीगढ़ में अपने घर पर खुद को गोली मारी। सीबीआई ने कल ही भ्रष्टाचार के आरोप में डाकघर पर छापेमारी की थी। पुलिस को शक है कि वो इससे परेशान थे। मरने से पहले स्स्क्र अलीगढ़ को सुसाइड नोट भेजा। इसमें लिखा- मैंने 16 दिसंबर, 2021 को डाकघर अधीक्षक बुलंदशहर का कार्यभार ग्रहण किया। इसके बाद से मुझे प्रताड़ित किया जा रहा। इसमें सुरेश कुमार निवासी सैदपुर बुलंदशहर, मनोज तत्कालीन उप डाकपाल (वर्तमान में उप डाकपाल नारहट, ललितपुर), योगेंद्र सिंह पूर्व मेल ओवरसिपर, बनवारी लाल पूर्व मेल ओवरसिपर और उनके तीन बेटे अरुण, वरुण और टेकचंद शामिल हैं। ये लोग मुझ पर अनियमित कामों का दबाव बना रहे थे। आए दिन धमकी देते हैं।

सुरेश कुमार और उनकी पत्नी कार्यालय में हमला कर चुकी हैं। इससे तंग आकर सुसाइड कर रहा हूं। मेरी मौत के लिए यही लोग जिम्मेदार होंगे। टीपी सिंह अलीगढ़ जिले में गांव अकरावत के रहने वाले थे। घर पर ही उन्होंने सुसाइड किया है। मरने से पहले ये सुसाइड नोट उन्होंने डाकघर बुलंदशहर के वॉट्सएप ग्रुप पर डाला।

# पीएम जनमन अंतर्गत 23 अगस्त से 10 सितंबर तक पीवीटीजी क्षेत्रों में लगेंगे शिविर



कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज समय सीमा की बैठक में विभागीय कामकाज की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने पीएम जनमन अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीवीटीजी परिवार को जाति प्रमाण पत्र जारी करने ग्राम सभा का आयोजन के निर्देश दिए। उन्होंने पीवीटीजी को वनाधिकार पत्र, बैंक खाता, आयुष्मान, पीएम किसान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, राशन कार्ड, आधार सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं से लाभान्वित कर पीवीटीजी क्षेत्रों में 23 अगस्त से 10 सितम्बर तक शिविर आयोजन कर शतप्रतिशत सेचुरेटेड करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीवीटीजी के 18 वर्ष से अधिक उम्र वाले सदस्यों का बैंक खाता खुलवाने तथा 06 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों एवं अन्य सदस्यों का दस्तावेज तथा ग्राम सभा के माध्यम से जाति प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय में अध्ययनरत् लगभग 14 हजार विद्यार्थियों के भी जाति प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी तथा एसडीएम को दिए। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ और अपर कलेक्टर को मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने ग्राम अमझर के जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में आम नागरिकों से प्राप्त होने वाले आवेदन का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में स्कूल, छात्रावासों तक पहुँचने के लिए पहुँच मार्ग निर्माण,हाई और हायर सेकंडरी स्कूलों में साइकिल स्टैंड का निर्माण के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम को निर्देशित किया कि शासकीय कार्यों के नाम पर जारी राशि का गबन करने वाले सरपंचों से वसूली की कार्यवाही शीघ्रता से सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने बैठक में संजय नगर रेलवे क्रॉसिंग में अंडर पास निर्माण कार्य में प्रगति लाने निर्देश दिए। कलेक्टर ने नक्शा बटांकन,त्रुटि सुधार के प्रकरणों का निराकरण के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश तहसीलदारों को दिए। बैठक में कलेक्टर ने भू-अर्जन से संबंधित विभागों के रिकॉर्ड दुरुस्तीकरण के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में स्वीकृत महत्वपूर्ण विकास कार्यों एवं जनहितकारी गतिविधियों की समीक्षा की और संबंधित विभागों से कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसडीएम तथा तहसीलदारों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में नए अतिक्रमण न हो और किसी स्थान पर अतिक्रमण की शिकायत आती है तो शीघ्रता से कार्यवाही की जाए। उन्होंने पोड़ी-उपरोड़ा एसडीएम को निर्देशित किया कि विकासखण्ड अंतर्गत स्कूलों में वितरित किए जा रहे नाश्ते की गुणवत्ता का आकस्मिक जांच अवश्य करें। बैठक में कलेक्टर ने विद्युत विहीन दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में विद्युतीकरण, विद्युत विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों में बाह्य एवं आंतरिक विद्युतीकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों तथा जनचौपाल में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण निराकरण समय सीमा के भीतर करने के निर्देश देते हुए संबंधित को सूचित करने के निर्देश दिए। उन्होंने टीएल में प्रेषित प्रकरणों का एक माह के भीतर निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने तहसीलदारों और नगरीय निकाय अंतर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक में वनमंडलाधिकारी कटघोरा श्री कुमार निशांत, जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा, नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर श्री दिनेश कुमार नाग, श्री अनुपम तिवारी सहित अन्य सभी अधिकारी उपस्थित थे।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की जयंती को मनाया गया सद्भावना दिवस के रूप में




कोरबा। जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व. राजीव गांधी जी का 80 वां जन्म दिवस को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। आज जिला कांग्रेस कार्यालय टी. पी. नगर कोरबा में स्व0 राजीव गांधी जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया गया। उपस्थित समस्त कांग्रेस जनों द्वारा पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। इस अवसर पर सभापति श्याम सुंदर सोनी ने कहा कि स्व. राजीव गांधी जी की आत्मीय सोच थी कि पंचायती राज के माध्यम से गांव के व्यक्ति को अपने मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों का पूर्ण ज्ञान हो और वह उसका ईमानदारी से पालन करें। गांव की पंचायत को खुद निर्णय लेने का अधिकार हो उन्होंने कहा था राष्ट्रवाद, धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी विचारधारा ही हमारे महान देश की अकेली प्रासंगिक विचारधारा है। श्री श्याम सुंदर सोनी ने भारत रत्न स्व. राजीव गांधी जी को याद करते हुए कहा कि राजीव गांधी का अभूतपूर्व योगदान महिला वर्ग को सत्ता में अधिकाधिक भागीदार बनाने के लिए रहा उन्होंने महिलाओं को प्रत्येक क्षेत्र में 33 प्रतिशत की भागीदारी हेतु रूपरेखा पहले से ही बना दी थी। जिसके वर्तमान में सुपरिणाम देखने को मिल रहा है।

जिला अध्यक्ष सपना चौहान ने इस अवसर पर कहा कि स्व. राजीव गांधी जी के कारण ही पंचायती राज कायम हुआ है। पूरे देश में उनके द्वारा भ्रमण कर सभी वर्गों से विचार विमर्श कर देश के प्रगति के लिए विकास योजना को नया आयाम दिया गया है। कोरबा जिले के आदिवासी बाहुल्य ग्राम रंजना में उनका आगमन हुआ था।

ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के जन्मदिवस पर कहा कि स्व. राजीव गांधी जी के अंदर उत्कृष्टता का जुनून था। हर क्षेत्र में चाहे छात्र जीवन हो या कमर्शियल एवियेशन में पायलट या राजनीति सभी में उत्कृष्टता हासिल की।श्री राठौर ने आगे कहा कि स्व. राजीव गांधी जी की सोच एवं प्रयास पूर्ण रूप से राष्ट्र निर्माण एवं अंतर्राष्ट्रीय क्षितीज में भारत को एक विशिष्ट स्थान दिलाने हेतु केन्द्रित है।इस अवसर पर मो. शाहिद, बंटी शर्मा, महेन्द्र निर्मलकर, राजेश यादव, रामगोपाल यादव, रवि चंदेल, बच्चू मखवानी, बनवारी पाहुजा, कमल रोहरा आदि ने स्व. राजीव जी के जीवनी पर प्रकाश डालते उन्हे याद किया, नमन किया।

### जाति प्रमाणपत्र बनाने जिले में शिविर का होगा आयोजन

कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसन्त के निर्देश पर जिले में 31 अगस्त को वृहद शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में जिले के स्कूलों में अध्ययन करने वाले कक्षा 1 से 12 तक के आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों और पीवीटीजी अंतर्गत सभी पात्र परिवारों के सदस्यों का जाति प्रमाण पत्र बनाया जाएगा। इसके लिए ग्राम सभा में पारित प्रस्ताव के आधार पर जाति प्रमाणपत्र बनाएं जाएंगे। जिला प्रशासन की इस पहल से जिले में लगभग 14 हजार से अधिक ऐसे विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा,जिनके पास दस्तावेज नहीं है।

### भोजली विर्सजन के दौरान तालाब में डूबा युवक

कोरबा। भोजली विसर्जन करने के दौरान तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। पैर फिसलने के दौरान यह बड़ा हादसा हुआ है। घटना के बाद से इलाके में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के मुताबिक़ यह पूरी घटना मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत मुड़ादाई तालाब की है।

## विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संबंध में राजनीतिक दलों की बैठक हुई आयोजित




कोरबा । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन में अपर कलेक्टर श्री अनुपम तिवारी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे द्वारा मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में राजनीतिक दलों की बैठक ली गई। अपर कलेक्टर श्री तिवारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के संबंध में निर्देश जारी किया गया है। जिसके अनुसार 20 अगस्त 2024 से बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जाएगा। 29 अक्टूबर 2024 को निर्वाचक नामावली का प्रारम्भिक प्रकाशन एवं 06 जनवरी 2025 को निर्वाचन नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सीमा पात्रे ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 20 अगस्त से 18 अक्टूबर 2024 तक बीएलओ द्वारा डोर-टू-डोर जाकर मतदाता सूची ईपीक कार्ड में विसंगतियों को दूर किया जाएगा। इस दौरान 01 जनवरी 2025 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही मृत्यु एवं स्थानांतरित मतदाताओं का नाम सूची से हटाया जा सकता है। पुनरीक्षण गतिविधियों के तहत 29 अक्टूबर 2024 को एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। 29 अक्टूबर 2024 से 28 नवंबर 2024 तक दावा-आपत्ति दाखिल की जा सकेंगी। 09, 10, 16 एवं 17 नवंबर 2024 को विशेष अभियान चलाया जाएगा। 24 दिसंबर 2024 तक प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा एवं 06 जनवरी 2025 को निर्वाचन नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने का आग्रह किया।

**1500 से अधिक मतदाता वाले मतदान केंद्रों का किया जाएगा युक्तिकरण** - बैठक में राजनीतिक दलों को मतदान केंद्रों के युक्तिकरण एवं पुनर्व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी दी गई। जिसके अंतर्गत ऐसे मतदान केंद्र जहां मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक हैं ऐसे मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। साथ ही क्षेत्र के मतदाताओं से 02 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। इस हेतु सभी राजनीतिक दलों से ऐसे मतदान केंद्रों की सूची उपलब्ध कराने की बात कही गई।

**कलेक्टर द्वारा ईवीएम वेयर हाउस का किया गया मासिक निरीक्षण** - जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर कोरबा श्री अजीत वसंत द्वारा राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में आज ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वेयरहाउस में ईवीएम मशीन के रख-रखाव, सुरक्षा तंत्र सहित परिसर की सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी बिंदुओं का जायजा लिया एवं समय-समय पर वेयरहाउस की रख-रखाव और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिए।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ 29 अगस्त को

कोरबा । शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस वर्ष में हर छः माह के अंतराल में दो बार आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में 29 अगस्त 2024 को राज्य के आंगनबाड़ी केन्द्रों, शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं, केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, मदरसा, निजी स्कूलों, अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों, महाविद्यालयों एवं तकनीकी शिक्षा संस्थानों के माध्यम से 1 से 19 वर्षीय बच्चों को कृमिनाशक दवा एलबेंडाजॉल की गोली खिलायी जाएगी। छुटे हुए बच्चों को 04 सितंबर 2024 मॉप-अप दिवस को दवा सेवन कराया जाएगी। जिससे कि बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर, एनीमिया की रोकथाम से बौद्धिक विकास तथा शाला में उपस्थिति में सुधार हो सके। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को सावधानी से कृमिनाशक गोली सेवन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अलर्ट रहने तथा गोली खाने के पश्चात् किसी प्रकार का साइड इफेक्ट होने पर तत्काल नजदीक के स्वास्थ्य अधिकारियों को सूचित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने आम जनता से अपील की है कि 01 वर्ष से 19 वर्षीय बच्चों, किशोर-किशोरियों को 29 अगस्त 2024 तथा छूटे हुए बच्चों को मॉप अप दिवस 04 सितंबर 2024 को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल का गोली खिलाये जाने की जानकारी अपने आस-पास के जनता को देने में महती भूमिका का निर्वहन करें तथा कार्यक्रम की शत प्रतिशत सफलता हेतु अपना योगदान दें। सीएमएचओ डॉ. एस.एन. केसरी ने बताया कि एलबेंडाजोल की गोली 01 वर्ष से 02 वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली पीस करके पानी के साथ मिलाकर चम्मच से पिलाया जाना है। 02 वर्ष से 03 वर्ष तक के बच्चों को पूरी एक गोली पीस करके पानी के साथ सेवन कराया जाना है तथा 03 वर्ष से अधिक 19 वर्ष तक के बच्चों को पूरी एक गोली चबा करके पानी के साथ सेवन कराया जाएगा। उक्त कार्यक्रम का क्रियान्वयन स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग, पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग के समन्वय से किया जाना है।

## पूर्व सरंपच पर एक तरफा कार्रवाई धरने पर बैठे गोगपा कार्यकर्ता



कोरबा-पाली। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ब्लॉक ईकाई पाली द्वारा मंदिर चौक पाली में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। एसडीएम पाली को सूचना देकर विभिन्न क्षेत्रीय मुद्दों एवं पूर्व सरपंच के विरुद्ध राजनैतिक षडयंत्र के तहत एकतरफा किए गए कार्यवाही को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत 2015-16 में स्वीकृत निर्माण कार्यों को लेकर पूर्व सरपंचों के विरुद्ध तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाली द्वारा रिकव्हरी कार्यवाही करते हुए सरपंचों पर अमानत में खयानत के तहत मामला दर्ज कर एसडीएम पाली में प्रकरण दर्ज किया गया है जिसके विरुद्ध प्रभावित सरपंचों ने हाई कोर्ट की शरण लिए हैं। इनका कहना है कि ग्राम पंचायत सरपंच ही अकेला दोषी नहीं हो सकता क्योंकि किसी भी निर्माण कार्य के गुणवत्ता की जांच करने के लिए इंजीनियर होता है , इंजीनियर द्वारा गुणवत्ता परीक्षण करने के बाद एसडीओ द्वारा सत्यापन किया जाता है , तब कहीं जाकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा राशि जारी किया जाता है और फिर सरपंच, सचिव राशि आहरण करता है। पंचायत तो सिर्फ निर्माण एजेंसी होता है । अकेले सरपंच को संबंधित निर्माण कार्य में पार्टी बनाना राजनीतिक षड्यंत्र के सिवाय और कुछ नहीं है । प्रभावित सरपंचों ने संबंधित समस्त कर्मचारियों को भी शामिल करने के लिए मांग करते हुए विधायक तुलेश्वर हीरासिंह मरकाम से मुलाकात कर उचित कार्यवाही करने की मांग किया था ।

## वेदांता कंपनी में रात में भी काम कर सकेगी महिलाएं

कोरबा। भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत के सबसे बड़े एल्युमिनियम उत्पादक वेदांता एल्युमिनियम ने प्रोजेक्ट श्री शक्ति के तीसरे चरण को लांच किया है, जो ओडिशा के झारसुगुड़ा में इसके स्मेल्टर परिचालन में महिला कर्मचारियों को रात की शिफ्ट में शामिल करने की एक अग्रणी पहल है। राज्य के धातु एवं खनन उद्योग में यह इस तरह की पहली पहल है। प्रोजेक्ट के इस चरण को सुश्री प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने लांच किया, जो कि वेदांता लिमिटेड की गैर-कार्यकारी निदेशक एवं हिन्दुस्तान ज़िंक की चेयरपर्सन हैं। इस पहल से महिला कर्मचारियों को अपने पसंद के समय में काम करने की सुविधा मिलेगी और वें संयंत्र संचालन में अहम भूमिकाएं निभा सकेंगी। यह पहल वेदांता एल्युमिनियम की प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि एक ऐसा कार्यबल बनाया जाए जो ज्यादा समावेशी, समान और सुरक्षित हो, साथ ही कर्मचारी की भलाई का भी ध्यान रखे।

इस अवसर पर सुश्री प्रिया अग्रवाल हेब्बर, गैर-कार्यकारी निदेशक, वेदांता लिमिटेड और चेयरपर्सन, हिन्दुस्तान ज़िंक, ने कहा, ''एक समावेशी संगठन बनाने के लिए सभी के लिए समान अवसर मुहैया कराने पर ध्यान देना आवश्यक है। प्रोजेक्ट श्री शक्ति उसी दिशा में एक कदम है। यह प्रोजेक्ट ओडिशा के औद्योगिक क्षेत्र में एक सकारात्मक सक्षमकारी परिवर्तन बन कर उभरा है। वेदांता में, हम हर सदस्य के लिए सहयोगपूर्ण कार्य वातावरण बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं, चाहे उनका जेंडर कुछ भी हो। हमारी कोशिश है कि सभी उन्नति करें और उत्कृष्टता प्राप्त करें।''

प्रोजेक्ट श्री शक्ति सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता का प्रतीक है, जो 'विकसित भारत' का आधार है। महिला प्रोफेशनल्स को कार्य करने के समय में आजादी देकर यह सुनिश्चित किया गया है कि वे अपनी शर्तों पर अपना करियर बना सकें। इस पहल में ओडिशा में कंपनी के कोर संचालनों में महिलाओं को एक सुरक्षित एवं भरोसेमंद वातावरण में रात्रि पाली का दायित्व देना शामिल है। इस तरह कंपनी महिलाओं को करियर बनाने में मदद कर रही है कि ताकि वे उन्नति कर सकें और अपने करियर में नेतृत्व की भूमिकाएं निभा सकें । इस तरह से महिलाओं के लिए समान अवसर मुहैया कराने में एक व्यापक बदलाव आएगा।

इस प्रोजेक्ट में महिलाएं उन्नत संचालन का कार्य संभालेंगी, जिन्हें अब तक केवल पुरुष पेशेवर ही करते आए हैं, और इस प्रकार वे अपनी तकनीकी विशेषज्ञता प्रदर्शित करेंगी। इस पहल द्वारा महिला कर्मचारियों को जरूरी व्यावसायिक कौशल, औद्योगिक प्रक्रियाओं में उन्नत प्रशिक्षण और विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकियों का अनुभव देकर उनकी क्षमताओं के द्वार खोलने का काम किया जाएगा। इन नए कर्मचारियों की शुरुआत सुगम बनाने के लिए, वेदांता ने ओडिशा में अपनी गतिविधियों में अतिरिक्त सुरक्षा उपाय किए हैं। इन उपायों में शामिल हैं- समग्र कार्यबल को संवेदनशील बनाने वाले सत्र, कार्यस्थल पर आनेजाने के लिए विशेष निगरानी दल, महिला चालक तथा केवल महिला कर्मचारियों के लिए प्लेटफ़ॉर्म जहां वे एक दूसरे से कनेक्ट कर सकें।''झारसुगुडा में वेदांता एल्युमिनियम के पॉटलाइन ऑपरेशंस में पीटीएम (पॉट टेंडिंग मशीन) ऑपरेटर सोनी कुमारी को प्रोजेक्ट के प्रथम चरण में शामिल किया गया था, उन्होंने अपना अनुभव साझा किया, ''श्री शक्ति प्रोजेक्ट के तहत काम करना मेरे लिए जिंदगी बदल देने वाला अनुभव रहा। इससे मुझे अपने करियर और पढ़ाई का अच्छा संतुलन बनाने में मदद मिली है। मैंने बहुमूल्य कौशल हासिल किए जिनसे मुझे ज्यादा आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी बनने में मदद मिली है। इस पहल से न केवल मेरी पेशेवर वृद्धि में सहयोग मिला है बल्कि मैं अपने निजी लक्ष्यों को भी प्राप्त करने भी सशक्त हुई हूं।''

## कृष्णा नगर वासियों ने ठप्प किया रेल परिचालन



कोरबा। कृष्णा नगर दीपका के रेल लाइन , कोयला परिवहन सड़क और कोल वाशरी के कारण चारों दिशाओं से घेरे जाने के कारण उतपन्न होने वाली समस्याओं के लिए बस्ती को पूर्ण अधिग्रहण करने की मांग पर अपने पूर्व निर्धारित घोषणा के अनुसार आज कृष्णा नगर बस्ती के लोंगो ने सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक रेल की पटरी में बैठकर रेल परिचालन को बंद रखा जिसके कारण इस रेल लाइन से चलने वाली अप डाउन 11 रेक का परिवहन नही हुआ । इस आंदोलन के दौरान कोई भी जिम्मेदार अधिकारी वार्ता के लिए नही आये आंदोलनकारी बस्तीवासियों ने घोषणा किया है कि एक सप्ताह के बाद गेवरा साइलो और रेल पथ निर्माण कार्य को बंद कराने के लिए बाध्य होंगे जिससे उनकी बातें सुनी जाये । एसईसीएल कोरबा कोलफील्ड्स के गेवरा ,दीपका , कुसमुंडा और कोरबा क्षेत्र में विश्व का सबसे ज्यादा कोयला का भंडार मौजूद है और उत्पादन का लक्ष्य के साथ ही परिवहन की समस्या को दूर करने के लिए गेवरा रोड - पेंड्रा रोड रेल कॉरिडोर परियोजना तैयार की गई है जिसमे 135 किमी लम्बी रेल परिपथ का निर्माण किया जाना है । इस रेल कॉरिडोर से दीपका गेवरा क्षेत्र से कोयला परिवहन करने के लिए सम्पर्क रेल मार्ग का निर्माण किया जा रहा है जो कि बस्ती से लगभग 20 फिट ऊंची और 9 रेल लाइन बनाया जा रहा है

# सुरक्षा गार्ड ने साथियों के साथ रची कांटाघर में लूट की साजिश, गिरफ्तार

कोरबा। एसईसीएल काँटाघर में हुए लूट के 5 आरोपी को बांकी मोंगरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के जारी बयान के अनुसार काँटाघर के सुरक्षागार्ड और शिकायतकर्ता ही लूट का मास्टरमाइंड है। लूट के वारदात में तीन अन्य आरोपी फरार है।

बता दे कि प्रार्थी पुरेन्द्र कुमार मन्नेवार ने लिखित आवेदन पत्र पेश कर प्रथम सूचना दर्ज कराया कि दिनांक 12-13.08.2024 के दरम्यानी रात सुराकछार मेन माइस एसईसीएल रोड कांटाघर नंबर 3 की चौकीदार सुरक्षा में तैनात था कि रात्रि 02ः30 बजे लगभग 03-04 की संख्या में अज्ञात चोर आकर सुरक्षा कर्मी को बंधक बनाकर कांटाघर में लगे बैटरी, कम्प्यूटर सिस्टम, सीसीटीवी का एनवीआर को चोरी कर एवं प्रार्थी के मोबाईल को चोरी कर ले गये तथा अन्य सम्पत्ति को क्षतिग्रस्त कर दिये कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्र. 130/2024 धारा 127 (2).331(6),324(6), 309(4),309 (6), 3(5) बीएनएस अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी (भा0पु0से0) से उचित दिशा निर्देश प्राप्त कर अति0पुलिस अधीक्षक यु0बी0एस0 चौहान (रा0पु0से0) के मार्गदर्शन में श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रविंद्र कुमार मीणा (भा0पु0से0) के नेतृत्व में कायमी पश्चात विवेचना में लिया गया विवेचना दौरान घटनास्थल निरीक्षण, घटनास्थल से आरोपियों द्वारा प्रार्थी को बांधने में उपयोग साडी रस्सी को जप्त किया गया। प्रकरण में प्रार्थी के चोरी हुए मोबाईल को अश्वनी कैवर्त से बरामद किया आरोपी अश्वनी कैवर्त को तलब कर पूछताछ करने पर अपराध का घटित करना स्वीकार करते हुए घटना वृतांत बताया मेमोरण्डम कथन के आधार पर राकेश साहु एवं मुकेश साहु को तलब कर पूछताछ किया गया जिसमे उन्होने बताया की अपने

अन्य साथियों के साथ इस प्रकरण के प्रार्थी एसईसीएल सुरक्षा गार्ड पुरेन्द्र कुमार मन्नेवार के साथ मिलकर रचे गये अपराधिक षड्यंत्र घटना दृश्य निर्मित कर अपराध घटित कर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध एफआईआर कराने की परिकल्पना के आधार पर दिनांक 12.08.2024 को योजनाबद्ध तरीके से घटनास्थल पहुंचे तथा आरोपी राकेश और मुकेश के द्वारा कोई आने पर सूचित करने के लिए चौकीदारी कर आदमी देखना बताये, घटनास्थल पहुंचकर पूर्व योजना अनुसार आरोपी पुरेन्द्र के द्वारा मिथ्या साक्ष्य गढ़ते हुए अपने फुल पैन्ट को आरोपी अश्वनी के द्वारा अपने घर से लाये सब्जी काटने वाले चाकू से काटकर साक्ष्य गढ़ा गया उसके पश्चात खुद को आरोपी पुरेन्द्र ने लोहे के खंभा पोल में अपने साथ लाये रस्सी से बंधवा लिया तथा घटना को अमलीजामा पहनाने मिथ्या साक्ष्य गढ़ते हुए हेक्सा ब्लेड से हल्की चोंट अपने माथा में आरोपी अश्वनी से लगवा लिया तथा बांये पैर में चोट पहुंचवा लिया तत्पश्चात रोड कांटाघर की चाबी जिसे अपने पाकिट में रखा था जिसे निकालकर अपने साथी आरोपियों को देकर अंदर योजनाबद्ध तरीके से कांटाघर अंदर भेज दिया जहां से बैटरी, डीवीआर, कम्प्यूटर सेट को चोरी करवा दिया तत्पश्चात बुलाकर अपने पाकिट में रखे अपने मोबाईल को भी आरोपी अश्वनी कैवर्त को दे दिया। आरोपी प्रार्थी पुरेन्द्र के पेश करने पर उसका ईलाज पर्ची एवं निर्मित साक्ष्य कटे हुए पैन्ट को जप्त किया गया।आरोपी अश्वनी कैवर्त की निशादेही पर आरोपी पुरेन्द्र कुमार मन्नेवार के मोबाईल में लगे सिम जिसे साक्ष्य छिपाने के लिए निकालकर अपने घर के आईना के पास रखा था जिसे जप्त किया गया पश्चात आरोपी के निशादेही पर बैटरी, सीपीयू खरीददार देवीनारायण उर्फ मनखा उर्फ मोन्टू के कब्जे से 06 नग बैटरी एवं 01 नग सीपीयू जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। पुलिस की विवेचना पर उपलब्ध साक्ष्य मेमोरण्डम कथन के आधार पर पाया गया कि इस प्रकरण में प्रार्थी पुरेन्द्र कुमार मन्नेवार के द्वारा अपने साथी अश्वनी कैवर्त, मुकेश साहु, राकेश साहु,एवं अन्य के द्वारा झूठी साक्ष्य गढ़कर अपराध घटित कर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कराने की योजना अनुसार दिनांक 12-13.08.2024 की दरम्यानी रात मिथ्या साक्ष्य पैन्ट को चाकू से काटना, शरीर को चोंट पहुंचाना, खम्भा में बंधक बनाकर गढ़कर कार्य करते हुए एसईसीएल की सम्पत्ति कांटाघर में गृह अतिचार कर पूर्व योजना अनुसार सुरक्षा में लगे सेवक पुरेन्द्र कुमार मन्नेवार एवं उनके साथी आरोपियों के द्वारा सम्पत्ति अभिरक्षा में रखने के स्थान में प्रवेश कर चोरी किये तथा अन्य व्यक्ति को क्षति करने फंसाने की आशय से मिथ्या आरोप लगाते हुए पुलिस को मिथ्या ईत्तला देकर मोबाईल के सिम को निकालकर साक्ष्य छिपाते हुए चोरी की गई सम्पत्ति को बेचना, गिरवी रख देना प्रमाणित पाया गया जो प्रकरण के प्रार्थी एवं उनके सहआरोपियों का कृत्य धारा 61 (ख), 229 (2), 331(4), 306, 305, 217, 248, 238 बीएनएस का होना पाये जाने से प्रार्थी आरोपी पुरेन्द्र कुमार एवं उनके साथियों के विरूद्ध जोड़ी गई तथा आरोपी देवीनारायण उर्फ मनखा उर्फ मोन्टु के द्वारा चुराई हुई सम्पत्ति को खरीदना पाये जाने से धारा 317 बीएनएस जोड़ी गई।

मामले में आरोपियों द्वारा जुर्म स्वीकार करने एवं सबूत पाये जाने से आरोपियान 1. पुरेन्द्र कुमार मन्नेवार पिता स्व. शोभाराम उम्र 30 साल साकिन अमरूवा थाना सारागांव जिला जांजगीर हा.मु. एसबीएस कालोनी क्वा.नं. एलसीएच 8 चौकी मानिकपुर थाना कोतवाली जिला कोरबा छ.ग. 2. अश्वनी कैवर्त पिता सुरेश कुमार कैवर्त उम्र 31 वर्ष साकिन 01 नंबर दफाई सुराकछार थाना बांकीमोंगरा जिला कोरबा छ.ग. 3. मुकेश साहु पिता स्व. दुखीराम साहु उम्र 40 साल साकिन पंखादफाई थाना बांकीमोंगरा जिला कोरबा छ.ग. 4. राकेश साहु पिता मनीराम साहु उम्र 29 साल साकिन कपाटमुड़ा जोन कार्यालय के पास थाना कुसमुण्डा जिला कोरबा छ.ग. को अपराध धारा 61 (ख), 229 (2), 331 (4), 306, 305, 217, 248, 238 बीएनएस में तथा आरोपी 5. देवीनारायण उर्फ मनखा उर्फ मोन्टू पिता जोगिन्दर चौधरी उम्र 26 साल साकिन घुड़देवा पानी टंकी के पीछे थाना बांकीमोंगरा जिला कोरबा छ.ग. को धारा 317 बीएनएस में गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। प्रकरण के 03 अन्य आरोपी अभी फरार है जिनकी पतासाजी जारी है

# जिले में परंपरा गत ढंग एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भोजली उत्सव



**जांजगीर - चांपा।** भोजली का पारंपरिक पर्व मंगलवार को अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गांवों में बाजे गाजे के साथ भोजली विसर्जन किया गया। नदी और तालाब में महिलाओं व युवतियों ने भोजली विसर्जन किया। तालाब किनारे देवी गंगा... देवी गंगा लहर तुरंगा की स्वर लहरियां फिजां में गूंज रही थी। जियत जागत रहिबो भोजली हो जाही फेर भेंट जैसे पारंपरिक गीतों के साथ फिर अगले साल मिलने की कामना की गई।

छत्तीसगढ़ के लोक पर्व भोजली पर शाम होते ही बाजे- गाजे के साथ रंग - बिरंगे वस्त्रों में सिर पर भोजली धारण किए कतार में महिलाएं व युवतियां की भोजली यात्रा निकली। भोजली गीतों की स्वर लहरियों के साथ कतारबद्ध भोजली लिए महिलाओं का अद्भूत नजारा था। धीरे-धीरे महिलाओं का समूह तालाब किनारे पहुंचा और देवी भोजली का गीत गाते हुए तालाब में विसर्जन किया गया।

इसके बाद एक - दूसरे को भोजली देकर अभिवादन किया गया। परंपरानुसार भोजली देकर मितान - मितानिन बदने की भी रस्म निभाई गई। एक - दूसरे के कानों में भोजली खोंच कर मितान बदा गया। मितान बदना मित्रता का वह अटूट रिश्ता है, जो जीवन पर्यंत चलता है। इसके बाद भोजली बांटी गई। इसी तरह नगर के भीमा तालाब, नहर व चांपा के रामबांधा तालाब, खोखरा के मनकादाई तालाब, सरखों के नइया तालाब, गोधना, सलखन, खोरसी आदि गांवों के तालाब में भोजली का विसर्जन किया गया। इस मौके पर तालाब किनारे महिला, पुरूष तथा बच्चों की भीड़ उमड़ पड़ी। भोजली विसर्जन के बाद लोगों ने बड़े बुजुर्गों को भोजली भेंटकर आर्शीवाद लिया।

**अष्टमी को बोई जाती है भोजली**

भोजली सावन मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी को बोई जाती है और भादो कृष्ण पक्ष प्रतिपदा को इसका विसर्जन किया जाता है। भोजली के लिए किसी टोकरी या बर्तन में गेहूं बोए जाने के बाद उसके पौधों को बढ़ने दिया जाता है। घर की महिलाएं और युवतियां हल्दी और पानी से पौधों को सिंचती है। घर के किसी कोने में रखी गई भोजली के सामने दीपक जलाया जाता है और उसे लौ की रोशनी में रखा जाता है।

## भ्रष्टाचारियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर खोकसा के ग्रामीण बैठे धरने पर



**जांजगीर - चांपा।** ग्राम पंचायत खोखसा में विभिन्न् निर्माण कार्यों में सरपंच सचिव के ऊपर भ्रष्टाचार का आरोप और अधिकारियों के ऊपर संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। जांच में अनियमितता पाए जाने के बाद भी सरपंच को नहीं हटाने और सचिव के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाए ट्रांसफर करने से नाराज ग्रामीण जिला मुख्यालय के कचहरी चौक में मंगलवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल में बैठ गए हैं।

ग्राम पंचायत खोखसा के ग्रामीणों ने सरपंच-सचिव पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भ्रष्टाचार की जानकारी के बावजूद सरपंच-सचिव के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। बंधवा तालाब से मुक्तिधाम तक तीन सौ मीटर की सीसी रोड बननी थी। सरपंच - सचिव ने केवल 270 मीटर तक सीसी रोड निर्माण किया और 300 मीटर तक निर्माण का पैसा निकाला है।

वहीं बोर खनन के लिए साल 2021-22 में 14वें वित्त से 1.80 लाख और 15 वित्त से 1.80 लाख रुपए की राशि आहरण की गई थी। कलेक्टर आकाश छिकारा से मामले की शिकायत के बाद जांच दल का गठन कर जांच कराया गया था। तहसीलदार की पांच सदस्यों की टीम ने जांच के दौरान अनियमितता पाई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि सचिव पर कार्रवाई करने के बजाय जिला प्रशासन ने सचिव का ट्रांसफर कर दिया है।

## हर्ष-उल्लास के साथ किया गया भोजली विसर्जन



**तुस्मा।** ग्रामीण अंचल का सबसे लोकप्रिय पर्व भोजली पर्व यह पर्व को भादो मास के कृष्ण पक्ष के प्रथमा तिथि को बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ ग्रामीण अंचल में मनाया गया। इस पर्व में दस दिन पूर्व ही माताएं, बहनें टोकरी व थाली में मिटटी डालकर गेहूं को बोया जाता है और उस टोकरी और थाली में बोए गए भोजली माता को प्रति दिन विसर्जन के होते तक विधि विधान से पूजा अर्चना करने के साथ-साथ भोजली माता को भोजली गीत सुनाई गई।

इसी तरह सलखन जिले के ग्रामीण क्षेत्र में भोजली पर्व मनाया गया। भोजली पर्व के दिन महिलाएं और युवतियां भोजली की टोकरी सिर पर रखकर तालाब के किनारे पहुंचती है और भोजली को विसर्जित किया। इस दौरान महिलाओं व युवतियों ने भोजली गीत गाए और अच्छी फसल की कामना करती है भोजली पर्व के मौके पर महिलाएं एवं बच्चे एक दूसरे को भोजली भेंट कर मित्रता का वादा किया। भोजली पर्व में ग्राम सलखन सहित क्षेत्र में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।



## सुखदा के स्कूल में आधा किमी. दूर से पानी लाती हैं छात्राएं

**डभरा।** विकासखंड डभरा के संकुल केन्द्र सुखदा के जनपद प्राथमिक शाला की छात्राओं को 5 सौ मीटर दूर स्थित हैंडपंप से पानी मंगवाया जाता है। इसी पानी का उपयोग पीने व मध्यान्ह भोजन बनाने के लिए होता है। प्रधान पाठक आरती धीरहे के आदेश पर छात्राएं पानी लाने जातीं है।

**छात्राओं से मंगवाया जाता है पानी**

जबकि शासन द्वारा विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन का संचालन स्व सहायता समूहों के माध्यम से होता है। सफाई के लिए अंशकालीन सफाई कर्मचारी भी पदस्थ हैं मगर उनके बजाय छात्राओं से पानी मंगवाया जाता है। विद्यार्थी पढ़ाई छोड़ आधा किमी. दूर से पानी लाने जाते हैं। कई पालकों को इस पर आपत्ति भी है मगर वे सीधे प्रधान पाठक से कह नहीं पाते। ऐसे में रोज का काम बन गया है।

इस संबंध में विकास खंड शिक्षा अधिकारी डभरा श्याम लाल वारे ने कहा कि आपके माध्यम से जनपद प्राथमिक शाला सुखदा में विद्यार्थियों से पानी मंगाए जाने की जानकारी मिली है। इसकी जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## अस्पताल में रात में नहीं लगती सुरक्षाकर्मियों की ड्युटी



**जांजगीर - चांपा।** जिला अस्पताल में रात में महिला चिकित्सक व कर्मचारियों की सुरक्षा खुद के भरोसे होती है। रात में यदि कोई बड़ी घटना हो जाए तो स्टाफ नर्स को अपनी सुरक्षा खुद करनी पड़ेगी। क्योंकि इस दौरान पर्याप्त सुरक्षाकर्मी वहां नहीं रहते। अस्पताल में सुरक्षा के लिए 19 पुरूष और 6 महिला सहित 25 निजी सुरक्षा कर्मचारियों की पदस्थापना है।

इनकी तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगाई जाती है। एक शिफ्ट में आठ से दस सुरक्षा कर्मचारी ड्यूटी पर तैनात रहते हैं। दिन में पांच महिला सुरक्षाकर्मी ड्यूटी पर रहती हैं मगर रात में केवल पांच से छह पुरूष सुरक्षाकर्मी ही रहते हैं। ऐसे में यहां रात में ड्यूटी करने वाली महिला कर्मचारी असुरक्षित महसूस करती हैं।

जिले के सबसे बड़े अस्पताल में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं है। जिला अस्पताल की सुरक्षा की जिम्मेदारी निजी सुरक्षा कपंनी के निहत्थे कर्मचारियों के अलावा दीवारों में लगे सीसीटीवी बस है। जिला अस्पताल में के जुअल्टी सहित आईसीयू वार्ड संचालित हो रहा है जहां पर 24 घंटे नर्सों को ड्यूटी रहती है।

साथ ही अस्पताल में गायनिक ओपीडी, शिशु वार्ड, एसएनसीयू वार्ड में भी स्टाफ नर्सों की ड्यूटी रहती है। कोलकाता में महिला डाक्टर के साथ हुई घटना के बाद महिला कर्मचारी भयभीत हैं। उनका कहना है कि रात में यहां भी किसी तरह की घटना हो सकती है।

कई बार रात में इलाज को लेकर स्टाफ नर्सों के साथ विवाद भी हो चुका है। वहीं आए दिन मरीज के स्वजन अस्पताल में हंगामा भी मचाते रहते हैं। आमतौर पर इस तरह की अप्रिय वारदात की आशंका होती है। ऐसे में जिला अस्पताल में रात में महिला चिकित्सक व कर्मचारियों की सुरक्षा खुद के भरोसे होत है।

**रात में ड्यूटी करने महिला स्टाफ भयभीत**

जिला अस्पताल में 70 महिला डाक्टर, स्टाफ नर्स और अन्य कर्मचारी कार्यरत हैं। क्योंकि रात में पर्याप्त सुरक्षाकर्मी नहीं रहते हैं। अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था के लिए निजी सुरक्षा कर्मचारियों की पदस्थापना है। जिनकी तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगाई जाती है।

एक शिफ्ट में आठ से दस सुरक्षा कर्मचारी ड्यूटी पर तैनात रहते हैं। दिन में पांच निजी महिला सुरक्षाकर्मी की ड्यूटी रहती है मगर रात में केवल पांच से छह पुरूष सुरक्षाकर्मी ही रहते हैं। रात में ड्यूटी करने वाले महिला स्टाफ कर्मी भयभीत रहते हैं। क्योंकि रात में यदि कोई बड़ी घटना हो जाए तो स्टाफ नर्स को अपनी सुरक्षा खुद करनी पड़ेगी।

पुलिस अधीक्षक से मिलकर अस्पताल में कार्यरत स्टाफ की सुरक्षा को लेकर चर्चा हुई हैं। उन्होंने रात्रि गश्त कराने और पुलिस चौकी में स्टाफ बढ़ाने का आश्वासन दिया है। अस्पताल परिसर में सीसीटीवी कैमरे की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। रात्रि में भी पुलिस की ड्यूटी लगाने की मांग की गई है।

डा. अनिल जगत
सिविल सर्जन, जिला अस्पताल

## जोरदार बारिश, गर्मी और उमस से मिली राहत

**बिलासपुर।** बिलासपुर में 4 दिन गर्मी और उमस के बाद मंगलवार की शाम झमाझम बारिश हुई। दिनभर की गर्मी और उमस के बाद लोगों को शाम को बारिश से राहत महसूस हुई। रिमझिम बारिश की झड़ी रात तक चलती रही। मौसम विभाग ने बुधवार को भी हल्की से मध्यम बरसात होने की संभावना जताई है।

सावन की विदाई बेला के साथ ही सूर्य की तपिश बढ़ गई थी। अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री पर पहुंच गया, जिसके चलते धूप की चुभन और गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। मंगलवार को सुबह से आसमान में काली घटाएं छाई रही। शाम करीब 4.45 बजे मौसम बदला और झमाझम बारिश हुई। मंगलवार को बदली और बारिश का असर तापमान पर हुआ। एक दिन पहले जहां तापमान 33.8 डिग्री पर पहुंच गया था, जो मंगलवार को गिरकर 32.6 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। मौसम विभाग की माने तो आने वाले एक-दो दिनों में वर्षा की गतिविधियों में और तेजी आएगी। फिलहाल बिलासपुर में मौसम सुहावना बना हुआ है। मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्र के मुताबिक एक निम्न दाब का क्षेत्र मध्य बांग्लादेश के ऊपर स्थित है।

## प्रगतिशील कृषक राम प्रकाश ने की कलेक्टर से मुलाकात

**जांजगीर-चांपा ।** कलेक्टर आकाश छिकारा से लखुर्री ग्राम के प्रगतिशील कृषक राम प्रकाश केशरवानी एवं कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ राजीव दीक्षित ने मुलाकात कर महेश्वर फूल धान के चावल के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि यह चावल मधुमेह रोगियों हेतु उपयुक्त है। कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ राजीव दीक्षित ने बताया कि चावल में ग्लाइसेमिक इंडेक्स 52.5 है जो मधुराज - 55 धान से भी कम है। उक्त धान को कृषक द्वारा वर्ष 2015 में कृषि विज्ञान केंद्र की सहायता से पौध किस्म कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम 2001 अंतर्गत पंजीयन हेतु प्रेषित किया था। दिसंबर 2023 को कृषक को जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त धान का पंजीयन उनके नाम से हो गया है। कलेक्टर श्री छिकारा ने प्रगतिशील कृषक द्वारा की जा उन्नत धान की फसल की पैदावर को लेकर सराहना करते हुए उनकी प्रशंसा की। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ राजीव दीक्षित ने बताया कि ग्लाइसेमिक इंडेक्स से यह पता लगता है कि मधुमेह से ग्रसित लोगों के लिए कौन सा भोजन सबसे अच्छा और उपयुक्त है। 55 से कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाला खाद्य पदार्थ निम्न श्रेणी में, 55 से 70 मध्यम श्रेणी में व 70 से 100 उच्च श्रेणी में आता है। क्योंकि महेश्वर फुल धान का ग्लाइसेमिक इंडेक्स 52.5 है अत: उक्त धान मधुमेह के रोगियों हेतु उपयुक्त

## किराना दुकान में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**जांजगीर।** सारागांव की किराना दुकान में चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है व सामान भी बरामद किया गया है। दुकान संचालक ने थाना सारागांव में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दुकान में रखे तेलों की पेटी व तेल पाउच कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई। रिपोर्ट पर अज्ञात पुलिस जांच पड़ताल करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान एक दिवसीय कार्यक्रम कल

**जांजगीर-चांपा।** जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 22 अगस्त को वृहद पौधरोपण किया जाएगा। पेड़ों के साथ तस्वीर लेने के बाद नागरिक उसे लाइव पोर्टल https://merilife.nic .in में अपलोड कर सकते हैं। अभियान के माध्यम से पर्यावरण को संरक्षित और सुरक्षित बनाने का कार्य महात्मा गांधी नरेगा व अन्य क्रियान्वयन एजेंसी वन विभाग, उद्यानिकी, रेशम, वाटरशेड के समन्वय से बड़े पैमाने पर पौधरोपण करेंगे। अभियान के तहत गांव के सार्वजनिक स्थलों में गांव के बुजुर्ग, जागरूक नागरिक, आंगनबाड़ी, स्कूल में, महात्मा गांधी नरेगा के हितग्राही के माध्यम से जिन्होंने डबरी निर्माण किया हो, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण पूर्ण आवासों के हितग्राहियों के माध्यम से पौधरोपण किया जाएगा।

# स्वस्थ जांजगीर-चांपा अभियान के तहत गांव गांव में नागरिकों के स्वास्थ्य की सतत करे जांच

### समय-सीमा, जनदर्शन के लंबित आवेदनों का प्राथमिकता से करें निराकरण - कलेक्टर

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर ने बैठक में स्वस्थ जांजगीर-चांपा अभियान की चर्चा करते हुए स्वास्थ्य अमले को चिन्हित व संदिग्ध लोगों का शत प्रतिशत सैम्पल जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी की भी जांच नहीं छूटनी चाहिए और संबंधित की बीमारी की जानकारी मिलने पर उसका हर संभव इलाज किया जाए। इस दौरान उन्होंने जिले में बाढ़ आपदा प्रभावित क्षेत्रों में संबंधित अधिकारियों को एवं मौसमी बीमारियों पर स्वास्थ्य अमले को लगातार नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डायरिया के जहां जहां प्रकरण आए थे वहा पर नियमित जांच की जाए। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड को लेकर नियमित शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारियों से युक्तियुक्तकरण में राज्य शासन के निर्देशों का पूर्णत: पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की गाइडलाइन समय सीमा के साथ निर्धारित कर दी गयी है, जिसका पूरी तरह पालन करना है।

कलेक्टर आकाश छिकारा ने जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से आने वाले आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा लंबित अनुकम्पा नियुक्ति के पत्रों, निर्देशों के आधार पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में प्रतिभाओं को निखारने, पहचानने ''टैलेंट तिहार– प्रतिभा को पंख'' कार्यक्रम हेतु स्कूलो में प्रतिस्पर्धा की आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने 22 अगस्त को बलौदा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जर्वे-ब के शासकीय प्राथमिक शाला प्रांगण में आयोजित होने वाले जनसमस्या निवारण शिविर एवं 23 अगस्त को विकासखंड अकलतरा के ग्राम पंचायत तरौद में होने वाले आजीविका ऋण मेला की आवश्यक तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम किसान योजना में नवीन कृषक पंजीयन प्रगति की जानकारी लेते हुए हितग्राहियों के आवश्यक दस्तावेज पूर्ण करते हुए किसानों का पंजीकरण करने कहा।

उन्होंने जाति प्रमाण पत्र रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए अभियान चलाकर अधिक से अधिक जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जाति प्रमाण पत्र बनाने विशेष ग्राम सभा का भी आयोजन किया जाए। बैठक में उन्होंने संबंधित नोडल अधिकारियों को नियमित रूप से छात्रावास, अस्पताल, स्कूल का निरीक्षण करते हुए आवश्यक सुधार करने कहा। उन्होंने साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने कहा। उन्होंने महात्मा गांधी नरेगा के माध्यम से जल संरक्षण के कार्यों को किया जाए और मनरेगा के अंतर्गत चल रहे कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा मनरेगा श्रमिकों का श्रम विभाग में पंजीयन कराया जाए। उन्होंने जिले में खाद बीज भण्डारण की जानकारी लेते हुए पर्याप्त भंडारण रखने कहा।

इसके साथ ही कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, समय सीमा के प्रकरण, कलेक्टर जनदर्शन और जनशिकायत, चैटबोट संवाद 24म7 के प्रकरणों पर चर्चा कर संबंधित विभागों को समय-सीमा कर अंदर निराकरण करने के निर्देश दिए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरण को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने उत्कृष्ट जांजगीर-चांपा अभियान, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, जल जीवन मिशन, पीएम जन आरोग्य योजना, किसान सम्मान निधि, पीएम आवास, पीएम विश्वकर्मा, अग्निवीर, महतारी वंदन योजना, केसीसी की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर एसपी वैद्य सहित जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## जिले में प्रतिभाओं को निखारने एवं पहचानने 'टैलेन्ट तिहार

**जांजगीर चांपा।** जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले में प्रतिभाओं को निखारने एवं पहचानने ''टैलेन्ट तिहार– प्रतिभा को पंख'' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम 28 अगस्त 2024 से 30 अगस्त 2024 तक जांजगीर मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा।

संयुक्त कलेक्टर एवं जिला खेल अधिकारी ने बताया कि स्कुल स्तर पर प्राथमिक, पू.मा. एवं हाई, हायर सेकेण्डरी, के बच्चे शामिल होंगे। संकुल स्तर पर प्राथमिक, पू.मा. एवं हाई, हायर सेकेण्डरी के चयनित बच्चे तथा महाविद्यालय के छात्र, छात्रा और ग्राम एवं नगर के महिला पुरूष जिनकी उम्र 15 से 40 वर्ष तक सामिल होगे। विकास खण्ड स्तरीय कार्यकम के आयोजन में संकुल स्तर में प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी शामिल होंगे। अधिक जानकारी के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग से संपर्क कर सकते हैं। ''टैलेन्ट तिहार– प्रतिभा को पंख'' का आयोजन चर स्तर पर आयोजित किया जाएगा। जिसके तहत 21 अगस्त से 22 अगस्त तक स्कूल स्तर पर, 23 अगस्त से 24 अगस्त को संकुल स्तर पर, 25 व 26 अगस्त को विकासखण्ड स्तर पर तथा 28 अगस्त से 30 अगस्त को जिला स्तर पर आयोजित होगा।

**स्तर वार कार्यक्रम -**

प्राथमिक स्कूल स्तर के विद्यार्थियों के लिए सामूहिक गीत, सामूहिक नृत्य, एकल चित्रकला, एकल नृत्य,.एकल गायन, पूर्व मा. स्कूल स्तर के विद्यार्थियों के लिए सामूहिक गीत, सामूहिक नृत्य, एकांकी नाटक, एकल चित्रकला, एकल नृत्य,. हाई एवं हायर सेकेन्डरी स्कूल एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए सामूहिक गीत, सामूहिक नृत्य, एकांकी नाटक, एकल चित्रकला, एकल नृत्य, एकल गायन एवं ग्रामीण जन महिला/पुरुष के लिए सामूहिक गीत, सामूहिक नृत्य, एकांकी नाटक, एकल नृत्य, वाद्ययंत्र, एकल गायन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

**विकासखंड स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन-**

विकासखंड स्तर पर 25 एवं 26 अगस्त को ''टैलेन्ट तिहार– प्रतिभा को पंख'' कार्यक्रम अकलतरा विकासखंड के मिनी माता मंगल भवन अकलतरा में, बलौदा विकासखंड के मंडी ग्राउंड प्रांगण बलौदा, बम्हनीडीह विकासखंड के अम्बेडकर भवन चांपा, नवागढ़ विकासखंड के एस.डी. कॉलेज नवागढ़ एवं पामगढ़ विकासखंड के सेजेस पामगढ़ में आयोजित किया जाएगा।

## कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ 29 अगस्त को

**रायगढ़।** कृमि मुक्ति दिवस वर्ष में हर 6 महीने के अंतराल में दो बार आयोजित किया जाता है। इसी कड़ी में 29 अगस्त को राज्य के आंगनबाड़ी केन्द्रों, शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं, केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, मदरसा, निजी स्कूलों, अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों, महाविद्यालयों एवं तकनीकी शिक्षा संस्थानों के माध्यम से 1 से 19 वर्षीय बच्चों को कृमिनाशक दवा एलबेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। छुटे हुए बच्चों को 4 सितंबर को मॉप-अप दिवस को दवा सेवन कराई जाएगी।

### अनमोल वचन......

**सच्चाई एक ऐसा दीपक है, जिसके प्रकाश से ही संसार प्रकाशित रहता है।**

## डेरा सच्चा प्रमुख को फरलो

डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को मंगलवार को 21 दिन की फरलो (अस्थायी रिहाई) दे दी गई। दुष्कर्म मामले में सजायाफ्ता राम रहीम रोहतक की सुनारिया जेल में सजा काट रहा है। नाबालिग से बलात्कार के दोष में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम बापू को भी सात दिन के लिए जेल से बाहर निकलने का मौका मिला है। अलबत्ता, इस दौरान वह पुलिस हिरासत में पुणे के एक अस्पताल में उपचाराधीन रहेगा। राजस्थान उच्च न्यायालय ने इस बाबत अनुमति दी है। सितम्बर, 2013 में गिरफ्तार किया गया आसाराम (83) हृदय संबंधी बीमारी से ग्रस्त है। आसाराम बापू को पुलिस हिरासत में इलाज की अनुमति दिया जाना हो सकता है कि किसी को न अखरे लेकिन डेरा सच्चा प्रमुख को फरलो दिए जाने से यकीनन कोई भी सहज न होगा। दुष्कर्म का दोषी डेरा सच्चा सौदा प्रमुख चुनाव से कुछ दिन पहले 'फलरे' पर छोड़ा जाता रहा है। कुछ लोग इसके राजनीतिक मंतव्य भी निकालते हैं। डेरा सच्चा सौदा के लाखों अनुयायी देश भर में हैं, और राजस्थान के कुछ जिलों और हरियाणा के पंजाब और राजस्थान से लगते इलाकों में तो सघनता से बसे हुए हैं। डेरा सच्चा सौदा के देश भर में अनेक आश्रम हैं और इनसे जुड़े अनुयायी भी काफी संख्या में हैं। इस प्रकार उसके लाखों अनुयायी अच्छा-खासा वोट बैंक हैं। वैसे, डेरा सच्चा सौदा प्रमुख के मामले में ही ऐसा नहीं है। जितने भी डेरे-आश्रम हैं, सबके सब वोट की राजनीति के चलते राजनेताओं को प्रिय हैं। हरियाणा में अगले कुछ महीनों में विधानसभा के चुनाव होने हैं। इसलिए ऐन चुनाव से पूर्व उसे 'फरलो' दिए जाने से कोई चौंका तो नहीं लेकिन दुख जरूर हुआ कि राजनीतिक नफे-नुकसान के चलते अपराधियों के प्रति इद कदर उदारता बरती जाती है। यह कानून व्यवस्था का मजाक उड़ाने जैसा है। ऐसा नहीं है कि 'फरलो' को विवेकशील लोग अनदेखा किए हुए हैं। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) ने तो बाकायदा पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में उसको 'फरलो' दिए जाने के खिलाफ याचिका भी डाल दी थी। लेकिन इसका निपटारा किए जाने के कुछ दिन बाद ही 'फरलो' दिए जाने से पता चलता है कि वोट बैंक के तकाजे व्यवस्था पर भी भारी पड़ जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट को इसका संज्ञान लेना चाहिए।

## राशिफल

**मेष राशिः**आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज परिवार के साथ समय बितायेंगें, इससे घर में खुशियों का माहौल बनेगा। आज आपकी कड़ी मेहनत से आसपास के लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज रोज की अपेक्षा व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत रहेगा।

**वृष राशिः**आज के दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। अगर आप नयी जमीन लेने का प्लान बना रहे हैं तो घर के बड़ों की राय जरूर ले । इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन संतोषजनक रहेगा कुछ नया सीखने को मिलेगा। आप जीवनसाथी से अपने दिल की बात शेयर करेंगे, इससे रिश्ते में मधुरता बनेगी। शाम को परिवार के साथ किसी जरूरी मामले पर बात होगी जहाँ आप खुलकर अपनी राय रखेंगे, आपकी राय को अहमियत मिलेगी।

**मिथुन राशिः**आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपको किसी बुजुर्ग की सेवा का अवसर मिलेगा, इसे आप सौभाग्य के रूप में समझे। आज आप हर तरह के काम निपटाने के लिए तैयार रहेंगे। आपको सोचे हुए कामों से फायदा हो सकता है। कोशिश करेंगे तो आपको सफलता मिल सकती है। अपनी स्थिति और योग्यता के हिसाब से ही काम करेंगे।

**कर्क राशिः**आज आपका दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। राजनीति से जुडे लोगो के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर.. पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। आज आपको रोजगार में नई उपलब्धि मिलने के योग हैं। घरेलू जरूरत की चीजों की खरीददारी करेंगे आपका लेन-देन भी तेज हो सकता है। कोई भरोसेमंद और खास व्यक्ति आपको हर्ट कर सकता है।

**सिंह राशिः**आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है जिन्हे आप बखूबी निभायेंगे। आप जिस काम को करने का प्रयास करेंगे, उस काम में आपको कामयाबी मिलेगी। आज आपको मेहनत का फल मिलेगा इससे आपका हौसला बढेगा। आज किसी काम को पूरा करने के लिए आस-पास के कई लोग आपको सलाह देगें ,इससे गलती से भी आप सुरक्षित रहेगें। जीवनसाथी पर भरोसा बनायें रखने से रिश्ते मजबूत होंगे । पारिवारिक समस्या दूर होगी, घर में खुशहाली बनी रहेगी।

**कन्या राशिः**आज का दिन सामान्य रहेगा। आज आपके सामने चुनौतियां भी आएंगी आप इनका डटकर मुकाबला करेंगे सफलता हासिल होगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन थोड़ा सामान्य रहेगा। करियर संबंधी चुनाव आपको थोड़ी परेशानी में डाल सकता है, लेकिन सही पॉइन्ट का चुनाव करना बेहतर रहेगा। माता पिता से आशीर्वाद लेने से आपकी सभी परेशानियों से राहत मिल जाएगी। आपकी सेहत अच्छी रहेगी।

**तुला राशिः**आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि की महिलाए जो कोई बिजनेस करने की सोच रही है, उनके लिए आज का दिन अच्छा है। किसी भी काम को करने में जल्दबाजी न करें ,अन्यथा वह काम दोबारा करना पड़ सकता है। अपने बिजी शेड्यूल से थोड़ा समय ईश्वर की आराधना के लिए निकालने से आपका मन शांत रहेगा 7 किसी दोस्त से कामकाज के मामले में आपको कुछ नए आइडिया मिल सकते हैं।

**वृश्चिक राशिः**आज का दिन सामान्य रहेगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। करियर में उतार-चढ़ाव से आप परेशान हो सकते हैं लेकिन किसी अनुभवी सीनियर्स की मदद से आपको थोड़ी राहत मिलेगी। आज घर में बच्चों के साथ आपका अच्छा टाइम बितेगा। माता पिता बच्चो को कोई अच्छी सलाह भी दे सकते है। छात्रो को आज ऑनलाईन कुछ नया सीखने को मिलेगा।

**धनु राशिः**आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। नौकरी कर रहे लोगो को आज पदोन्नती के अवसर मिलेंगे। ऑफिस में अच्छे परफोर्मेंस के लिए आपको सम्मानित किया जा सकता है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आयेंगे साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से खुद के लिए ख़ुशी मिलेगी। दोस्ती में चल रही अनबन को ख़त्म करने के लिए आप दोस्ती का हाँथ बढ़ा सकते हैं।

**मकर राशिः**आज का दिन ठीक - ठाक रहेगा। इस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन बहुत ही खास है आप दिन का अधिक समय शॉपिंग में बिता सकती हैं। नौकरी की तलाश कर रहे लोगो को आज किसी कम्पनी से मेल आ सकती है। दाम्पत्य जीवन में आज मधुरता बनी रहेगी। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है।

**कुंभ राशिः**आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। लोगों के विचार और आपके बारे में बोली गई बातों के कारण आप मन ही मन परेशान हो सकते है। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढाई को लेकर उत्साहित होंगे और ज्यादा समय पढाई में बीतेगा, यह देखकर आपके घरवालों को भी ख़ुशी होगी।

**मीन राशिः**आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। आज कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है। आज आपको पुरानी बातें भी याद आ सकती हैं। आज व्यापारिक मामलों में आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से सामान्य होगी। दाम्पत्य जीवन में आपसी ताल मेल बना रहेगा।अपनी गलतियों से सीखकर आगे बढ़ने की प्रेरणा आपको मिलेगी। किसी दूसरों की नक़ल न करें अपने आप पर विश्वास करें।

# सत्तापक्ष हो या विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि

//अवधेश कुमार//

**संसद का बजट सत्र समाप्त हो गया, लेकिन लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का भाषण और सत्तारूढ़ गठबंधन के सांसदों, मंत्रियों और नेताओं द्वारा दिए गए प्रत्युत्तर ने ऐसे अनेक प्रश्न उठाए हैं, जिनका उत्तर तलाशना ही होगा। संसद में हमने कभी भी इस तरह के नैरेटिव और परिदृश्य नहीं देखे। राहुल गांधी ने विपक्ष के नेता के रूप में जिस तरह का भाषण दिया वैसा पहले कभी सुना नहीं गया। हालांकि पिछले दो वर्षों की उनकी राजनीति पर गहराई से दृष्टि रखने वालों के लिए यह अपेक्षित है।**

17वीं लोक सभा के बाद के काल के लोक सभा में और बाहर उनके भाषणों और वक्तव्यों में एक क्रमबद्धता है। वह भले विवेकशील लोगों को पसंद न आए या पुराने कांग्रेसियों को भी स्वीकार नहीं हो किंतु वह इसी तरह की भाषा बोलते रहे हैं। चूंकि विपक्ष के नेता के रूप में वह बजट पर चर्चा कर रहे थे इसलिए स्वाभाविक ही मुख्य फोकस इसी पर होना चाहिए था। इस समय उनके सलाहकारों, रणनीतिकारों, थिंक टैंक आदि की रणनीति यही है कि हर अवसर पर ऐसा भाषण या वक्तव्य देना है जिनसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा की छवि जनता में दागदार हो, ऐसे मुद्दे उठे जिनका सीधा-सीधा उत्तर देना कठिन हो और इसके लिए किसी सीमा को स्वीकार करने की जरूरत नहीं। सामान्य तथ्यगत विरोध आक्रामकता के साथ होना कतई चिंता का विषय नहीं होगा। स्थिति इससे बहुत आगे है।भारत और भारत से जुड़े वैश्विक नैरेटिव समूहों की स्थिति ऐसी है जिसमें हमें ज्यादातर एकपक्षीय स्वर इतने प्रभावी से सुनाई पड़ते हैं कि उनमें आसानी से सच समझना कठिन हो जाता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का लोक सभा भाषण इस मामले में सबसे ज्यादा निशाने पर है। अखिलेश यादव ने उस पर आपत्ति उठाते हुए कहा कि आप किसी की जाति कैसे पूछ सकते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि अनुराग ठाकुर ने उनको अपमानित किया है लेकिन मैं इन लोगों की तरह नहीं हूं इन्हें क्षमा मांगने के लिए नहीं कहूंगा। ठाकुर भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं, उनकी पार्टी सत्ता में है इसलिए कहा जा सकता है कि अति उत्तेजना और उकसावे के बीच भी उन्हें अंतिम सीमा तक संयम का परिचय देना चाहिए।

दूसरे आप पर हमला करें और आप उसी भाषा में बोले तो फिर दोनों के बीच अंतर कठिन हो जाता है। किंतु नैरेटिव की दुनिया में वर्चस्व रखने वाले समूह ने एक पंक्ति नहीं कहा कि राहुल गांधी ने अपने भाषण में सत्तारूढ़ पार्टी को उकसाने, उत्तेजित करने या चिढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। यहां तक कि बार-बार वे लोक सभा अध्यक्ष को भी परोक्ष रूप में कठघरे में खड़ा करते रहे। अध्यक्ष ओम बिरला के टोकने या आपत्ति करने पर उनका उत्तर होता था कि सर, इसे कैसे बोलें या सॉरी सर सॉरी सर, लेकिन वह उसी बात को सॉरी कहते हुए दोहराते भी रहे। अध्यक्ष के लिए भी उनको संभालना या रोकना असंभव हो गया है। यह पहली बार होगा जब संसद के अंदर विपक्ष के नेता ने सरकार को घेरने के लिए ऐसण् उपमा दी, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तक घसीटे गए। चक्रव्यूह के बारे में राहुल गांधी को निश्चित रूप से कुछ गलत तथ्य दिए गए किंतु ऐसा हो जाता है। बावजूद उन्हें अपने पद के दायित्व का भान होना चाहिए था। सत्तापक्ष हो या विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है। आपका सरकार से राजनीतिक वैचारिक मतभेद है और उसे प्रकट करने का अधिकार भी। वैसे उसमें भी सीमा है कि हम विरोध में कहां तक जाते हैं। कभी भी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार को इस तरह राजनीतिक दल के हमले के साथ जोड़ा नहीं गया। आप कल्पना करिए इसका संदेश देश के अंदर और बाहर क्या जाएगा। आंतरिक सुरक्षा हमारे देश में कितने नाजुक स्थिति में लंबे समय तक रहा है और बाहरी खतरे कितने बड़े हैं इसका अनुमान उन सब लोगों को है जो थोड़ा बहुत भी सुरक्षा स्थिति पर दृष्टि रखते हैं। इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है जिसे कभी सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। राहुल गांधी के भाषण को आधार बनाकर देश के अंदर उनके समर्थक तथा सरकार विरोधी सीमा के पार भी भारत के अनेक सुरक्षा या विदेश नीति संबंधी निर्णयों को आसानी से निशाना बनाएंगे। उनका खंडन करना भारत के लिए ज्यादा कठिन होगा।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बजट के पूर्व हलवा परंपरा की तस्वीरें डालकर उन्होंने राजनीति के अपनी जाति कार्ड को खेला। पिछले करीब 2 वर्षो से उनकी राजनीति में स्वयं को पिछड़ों दलितों का समर्थन तथा भाजपा को उसके विरुद्ध साबित करना सर्वोपरि हो गया है। परिणाम यह हुआ कि वित्त मंत्री ने यूपीए सरकार के कार्यकाल में हलवा परंपरा सहित कई तथ्यों का उल्लेख कर साबित कर दिया कि राहुल न केवल तथ्यात्मक रूप से तो गलत हैं बल्कि अपनी ही सरकार की परंपरा की धज्जियां उड़ा रहे हैं। इसी तरह सीतारमण के साथ खड़े अधिकारियों के बारे में भी कहा गया कि उनकी नियुक्ति तो राजीव गांधी सरकार के कार्यकाल में हुई थी। हालांकि राहुल गांधी ने बड़ी बुद्धिमत्ता से तस्वीर में से एक चेहरे हटा दिए जो वाकई पिछड़ी जाति का था। क्या सरकर की आलोचना या उसके विरोध के लिए संसदीय-राजनीतिक मर्यादाओं की सीमा इस तरह लांघने और उनमें नौकरशाहों और प्रमुख पदों पर बैठे लोगों को निशाना बनाना उचित है। वे प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के साथ देश के दो शीर्ष उद्योगपतियों के हाथों भारत संचालन का सूत्र बताएंगे तो इस पर उत्तेजना पैदा होगी और दूसरी ओर से भी कुछ लोग सीमा उल्लंघन कर आपको उसी तरह प्रति हमले का शिकार बनाएंगे।उन्होंने इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत को भी ले आया। ऐसा वह प्रयास करते हैं। वह इतना कुछ बोलते हैं, कभी संघ प्रतिवाद करने नहीं आता। संघ से सहमत या असहमत होना, इसका विरोध करना सबका अधिकार है पर इस दूसरे पहलू को भी कभी अपने चिंतन में लाना चाहिए। तथ्य और सत्य के आधार पर विरोध हो तो टिकाऊ होगा। हालांकि वर्तमान वातावरण में इसमें बदलाव की संभावना नहीं है। इसलिए देश के विवेकशील लोग, जिनमें राजनेता भी शामिल हैं शांत मन से सोचें, विचारें कि कैसे संतुलित तरीके से इसका प्रत्युत्तर दें तथा अपने व्यवहार से देश का वातावरण सकारात्मक शांत और संतुलित बनाए रखा जाए।

# पुण्य श्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर

// शिवप्रकाश//

**पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर की संपूर्ण देश 300वीं जन्म-जयंती मना रहा है। अनेक सामाजिक संस्थाएं एवं महिला संगठन उनके जयंती वर्ष में उनके अलग-अलग गुणों को प्रकट करने वाले कार्यक्रम एवं गोष्ठियों का आयोजन कर रहे हैं । अनेक सरकारें भी महारानी अहिल्याबाई के सुशासन, नगरीय विकास, रोजगारपरक उद्योग नीति जैसे विषयों पर संवाद आयोजित कर रही हैं। महारानी का जीवन एवं शासन शैली संवेदनशील, सादगी, सहजता, धर्मनिष्ठ, न्यायप्रिय एवं लोक कल्याणकारी थीं। इन्हीं गुणों के कारण उनकी प्रजा उन्हें सदैव लोकमाता के रूप में देखती थी। उनके अप्रतिम गुणों को देखकर ब्रिटिश इतिहासकार जॉन केयस ने उन्हें दार्शनिक रानी की उपाधि दी ।**

अहिल्याबाई पिता मंकोजीराव शिंदे एवं माता सुशीलाबाई के परिवार में 31 मई 1725 को जन्मी थीं। उनका जन्मस्थान चौंडी (अहमदनगर, महाराष्ट्र) था, जो अब अहिल्यानगर के नाम से ही परिवर्तित हो गया है। धनगर जाति में जन्म लेने के बाद भी उनकी प्रतिभा को पहचानकर पेशवा बाजीराव एवं मल्हारराव होल्कर दोनों के परस्पर परामर्श के उपरान्त अहिल्याबाई का विवाह मल्हारराव ने अपने पुत्र खंडेराव के साथ संपन्न कराया । युद्ध में वीरगति प्राप्त होने के कारण उनको पति वियोग सहना पड़ा । अपने जीवन काल में उन्होंने श्वसुर मल्हार राव होल्कर, नवासे ( पुत्री के पुत्र) एवं पुत्री सभी की असमय मृत्यु को देखा। इसी असहय वेदना को सहते- सहते वे स्वयं भी 70 वर्ष की उम्र में 1795 में संसार छोड़कर चली गई।

पति की मृत्यु के पश्चात अपने श्वसुर के आग्रह पर उन्होंने राजकाज सम्हालना प्रारंभ किया। उनका शासन प्रजावत्सल, न्यायप्रिय, सुशासन का प्रतीक था। अपनी धर्म के प्रति भक्ति के कारण उन्होंने अपनी राजधानी इंदौर से परिवर्तित कर पवित्र नदी नर्मदा के किनारे महेश्वर में स्थानांतरित की । उनका महेश्वर में राजधानी स्थानान्तरित करने का उद्देश्य था कि राज्य संचालन के साथ-साथ वह माँ नर्मदा की सेवा एवं आराधना कर सकें । माँ नर्मदा के किनारे उनका महल एक सर्वस्व त्यागी सन्यासिनी का महल था । जिसमें उन्होंने अपनी आयु के 28 वर्ष व्यतीत किए थे।

देश की सरकारें वर्तमान समय में अपनी आर्थिक नीतियों के केंद्र में समाज के जिस पिछड़े वर्ग के उत्थान एवं लघु उद्योग केंद्रित नीतियों का विचार करती हैं, आज से लगभग 300 वर्ष पूर्व महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने इस दूरदृष्टि का परिचय देते हुए 1745 में एक राजज्ञा द्वारा बुनकर, सुतार, कारीगरों से महेश्वर में निवास करने का आग्रह किया । आर्थिक विकास की दिशा में उनके द्वारा की गई अनेक पहल में से एक महेश्वर में निर्मित साड़ी आज भी संपूर्ण विश्व में प्रसिद्ध है , जिसे महेश्वरी साड़ी के नाम से जाना जाता है । इस उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए वह स्वयं भी वहाँ निर्मित वस्त्र पहनती थी एवं देश- विदेश से आने वाले महानुभावों को भेंट स्वरूप इन्हीं वस्त्रों को प्रदान भी करती थीं । प्राकृतिक आपदा में किसानों का सहयोग, सेना के आवागमन से होने वाली फसलों की क्षतिपूर्ति की व्यवस्था भी उन्होंने की थी । आत्मनिर्भरता के साथ-साथ शिक्षा का केंद्र महेश्वर बने इसके लिए विद्वानों, धर्माचार्यों को बुलाकर संस्कृत पाठशाला प्रारंभ करने का कार्य भी उनके द्वारा हुआ।

मल्हारराव के युद्ध अभियानों पर जाने के उपरांत महारानी अहिल्याबाई राज्य का संचालन भी कुशलता के साथ करती थीं। पत्राचार के माध्यम से मल्हार राव को अपने राज्य के समाचार भेजना एवं प्रत्युत्तर में राज्य संचालन के लिए सुझाव लेना यह उनकी नियमित प्रक्रिया थी । सेवा एवं रसद सामग्री का प्रबंध, कर वसूली आदि की व्यवस्था बड़ी निपुणता के साथ उन्होंने की थी ।

महारानी स्त्री होने के बाद भी न केवल राज्य संचालन में निपुण बल्कि एक कुशल योद्धा भी थीं। बचपन में ही सैन्य शिक्षा, घुड़सवारी, शस्त्र संचालन उन्होंने सीखा था । राघोवा के आक्रमण के समय अपने राज्य की रक्षा के लिए कूटनीति का परिचय देते हुए उन्होंने पुराने संबंधों के आधार पर सिंधिया, भोंसले, गायकवाड आदि का सहयोग माँगा । राघोवा को उचित दंड देने के लिए 500 महिलाओं की सैन्य टुकड़ी को प्रशिक्षित भी किया । राघोवा को उनके द्वारा लिखा पत्र आज भी उनकी कूटनीतिक दूरदर्शिता को प्रकट करता है, जिसमें उन्होंने लिखा कि आप मुझे अबला समझकर राज्य हड़पने के लिए यहां आए हैं लेकिन मेरी शक्ति आपको युद्ध क्षेत्र में ज्ञात होगी । मैं महिला सेना के साथ आपका मुकाबला करूंगी । यदि मैं युद्ध में पराजित हो गई तब मेरी हंसी और आपकी प्रशंसा कोई नहीं करेगा और यदि आप युद्ध में हार गए तो आप कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं रहेंगे । केवल राघोवा ही नहीं अपने राज्य की सीमाओं पर राजस्थान की ओर से मिलने वाली चुनौती का भी उन्होंने साहस के साथ सामना कर शत्रु को कुचलने का कार्य किया । सेना का संचालन, सैनिकों की चिकित्सा आदि भी उन्होंने कुशलता के साथ की । नाना फड़नवीस ने उनकी प्रशंसा करते हुए कहा था कि अब तक देवी अहिल्याबाई की धार्मिकता की प्रशंसा तो हम सुनते आए हैं मगर हम नहीं जानते थे कि वह बहादुर भी हैं अपने शत्रुओं के दांत खट्टे कर सकती हैं।

महारानी अहिल्याबाई का शासन कठोर एवं न्यायप्रिय शासन था । उन्होंने जाति-पाति, ऊँच - नीच के भेदभाव से ऊपर उठकर चोरों के भय से जनता को मुक्ति प्रदान करने वाले नौजवान से अपनी पुत्री का विवाह किया । गरीब एवं कमजोर लोगों की सेवा में वह हमेशा तत्पर रहती थी। पति की मृत्यु के पश्चात् पति की संपत्ति पर पूर्ण अधिकार की व्यवस्था एवं स्त्री को दत्तक लेने का अधिकार देना यह उनके महिला सशक्तिकरण के उदाहरण हैं । उनके राज्य में रहने वाले भीलों (जनजाति) को अपराध मुक्त करने के लिए कृषि के औजार उपलब्ध कराकर सशक्त करने का कार्य उन्होंने किया। अपराध करने पर कठोर दंड एवं समस्याओं का त्वरित समाधान यह उनके शासन की विशेषता थी । पक्षपात रहित सभी को समान न्याय उनके शासन में था । इसके लिए अपने सेनापति के पुत्र को भी अपराध करने पर उन्होंने जेल में डलवा दिया था। प्रजा को न्याय दिलाने के लिए न्यायालय एवं न्यायाधीशों की नियुक्ति उन्होंने की थी। अपने राज्य कर्मचारियों के प्रति संवेदनशील एवं आत्मीयतापूर्ण व्यवहार, युद्ध में वीरगति पाने वाले सैनिक परिवारों के कल्याण की व्यवस्था को राज्य कोष से करने का प्रबंध उन्होंने किया था। अपने प्रति कठोर जीवन जीते हुए, प्रजा का पुत्र की तरह पालन, लोक कल्याण की योजनाएं एवं न्यायप्रियता के कारण उनको लोकमाता की उपाधि मिली ।

राज्य संचालन में अनेक गुण होने के बाद भी उनका शासन मूलतः धर्म अधिष्ठित शासन था । जहां उनके व्यक्तिगत जीवन में सेवा, त्याग -तपस्या एवं दान का महत्व था वहीं उन्होंने मंदिरों के जीर्णोद्धार, उनकी स्थायी आर्थिक व्यवस्था, यात्रियों के लिए विश्राम स्थल एवं अन्न क्षेत्र स्थापित कराए। अपना राज्य भगवान शिव को समर्पित कर वह उनके प्रतिनिधि के रूप में शासन चलातीं थी। हिमालय में स्थित भगवान बद्रीनाथ, केदारनाथ , दक्षिण में रामेश्वरम, पश्चिम में द्वारिका से लेकर पूर्व में जगन्नाथ पुरी तक उनके द्वारा चलाएं सेवा कार्य आज भी प्रसिद्ध है । तीर्थ स्थानों पर गंगाजल भिजवाने की व्यवस्था देश को एक सूत्र में बांधती दिखाई देती है । काशी विश्वनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार सहित देश के लगभग समस्त तीर्थक्षेत्रों के विकास, हरिद्वार के गंगा घाटों सहित देश भर की नदियों के किनारे सैकड़ो स्थानों पर उन्होंने पक्के घाटों का निर्माण कराकर तीर्थ यात्रियों के लिए उचित स्नान की व्यवस्था करायी। समस्त अगणित धार्मिक कार्य वह अपने भाग में प्राप्त संपत्ति के द्वारा कराती थी । वह दीन- दुखी, गरीबों के लिए समर्पित निष्ठावान कर्मयोगी थी। दक्षिण के प्रसिद्ध इतिहासकार रायबहादुर चिंतामणि विनायक वैद्य ने महारानी के संदर्भ में लिखा है कि वह लोकोत्तर स्त्री अपने अनेक गुणों के कारण महाराष्ट्र के लिए ही नहीं वरन् समूची मानवजाति के लिए भूषण रूप हुई है । इंदौर में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी अपने उद्बोधन में कहा था कि मैं देवी अहिल्याबाई को भी नमन करता हूं उनका पुण्य स्मरण करता हूं। देवी अहिल्याबाई ने शासन संचालन में छोटी-छोटी आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी, उनके जीवन का एक-एक अध्याय इतना प्रेरक होता है कि आने वाली पीढ़ियों को उनसे सीख मिलती रहेगी । लोकमाता महारानी अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा लेकर उनकी 300 वीं जयंती के अवसर पर हम उनके दिखाये मार्ग का अनुसरण करते हुए एकात्म, समृद्ध, समरस एवं शक्तिशाली भारत का निर्माण करें तथा अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करते हुए विश्व कल्याण करने का संकल्प लें । महारानी अहिल्याबाई होल्कर को उनकी 300वीं जन्म-जयंती पर यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।

## तस्वीरों की दुनिया



मलेशिया के विदेश मंत्री मोहम्मद हसन और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने नई दिल्ली में एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम की उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया।



नई दिल्ली में आईटीओ के पास भारी बारिश के बाद ट्रैफिक जाम में फंसे वाहन।



मुंबई में वर्ल्ड पिकलबॉल लीग प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी का अमेठी पहुंचने पर पार्टी नेताओं द्वारा स्वागत किया गया।



मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने नई दिल्ली में आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, कोलकाता में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ कथित बलात्कार और हत्या की घटना तथा संबंधित मुद्दों से संबंधित एक स्वप्रेरित मामले की सुनवाई के दौरान यह बात कही।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी जयंती पर वीर भूमि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।



कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर बेंगलुरु के शेषाद्रि पुरम जंक्शन में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# ममता सरकार को फटकार, मृतका की डिटेल हटाने का आदेश, सुप्रीम कोर्ट में क्या-क्या हुआ




**नईदिल्ली, 21 अगस्त [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता में डॉक्टर से दरिंदगी को भयावह घटना करार देते हुए देश भर में डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा के संबंध में संस्थागत विफलता पर चिंता जताई है। शीर्ष अदालत ने कहा दूसरों की स्वास्थ्य देखभाल मुहैया कराने वालों के स्वास्थ्य और सुरक्षा से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जमीनी बदलाव के लिए देश एक और दुष्कर्म या हत्या का इंतजार नहीं कर सकता। कोर्ट ने देश भर के डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का तंत्र स्थापित करने के लिए 14 सदस्यीय नेशनल टास्क फोर्स गठित की है। कोर्ट ने डॉक्टरों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए समाज और मरीजों के हित में काम पर लौटने की अपील भी की। इसके साथ ही कोर्ट ने डॉक्टर से दरिंदगी के मामले में एफआईआर दर्ज करने में देरी पर सवाल उठाते हुए पश्चिम बंगाल सरकार को कड़ी फटकार लगाई।पीठ ने 14-15 अगस्त की रात अस्पताल में दंगाई भीड़ के घुस कर उपद्रव करने और अस्पताल की इमरजेंसी और घटना स्थल तक पहुंच जाने पर राज्य पुलिस की नाकामी पर भी ममता सरकार को आड़े हाथों लेते हुए पूछा आपकी पुलिस क्या कर रही थी।कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को उपद्रव की जांच के बारे में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है साथ ही डॉक्टर से दरिंदगी की जांच कर रही सीबीआई से भी जांच की स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने आरजी कर अस्पताल और हास्टल की सुरक्षा केंद्रीय बल सीआईएसएफ को दे दी है।शांति पूर्व प्रदर्शन के अधिकार को मान्यता देते हुए कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार से कहा है कि वह शांति पूर्ण प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शकारियों के खिलाफ ताकत का इस्तेमाल नहीं करेगी। मामले में कोर्ट 22 अगस्त को फिर सुनवाई करेगा।ये आदेश मंगलवार को प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जेबी पार्डीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने टास्क फोर्स को विभिन्न मुद्दों पर विचार कर तीन सप्ताह में अंतरिम और दो महीने में अंतिम रिपोर्ट देने को कहा है।पीठ ने कहा कि विभिन्न राज्यों जैसे महाराष्ट, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, और तमिलनाडु में स्वास्थ्यकर्मियों के प्रति हिंसा रोकने और संपत्ति नष्ट करने के लिए कानून हैं। इन कानूनों में स्वास्थ्यकर्मियों के साथ किसी भी तरह की हिंसा की मनाही है। हालांकि इनमें समस्या के संस्थागत और व्यवस्थात्मक कारणों को रेखांकित नहीं किया गया है। संस्थागत सुरक्षा का स्तर सुधारे बगैर सजा में बढ़ोत्तरी समस्या को प्रभावी ढंग से हल करना नहीं होगा।शीर्ष अदालत ने आदेश में अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में सुरक्षा स्तर की खामियों की जमीनी हकीकत का उल्लेख करते हुए कहा है कि रात्रि ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों स्वास्थ्यकर्मियों के आराम करने के लिए उचित स्थान नहीं होता। ड्यूटी रूम कम हैं।

इंटर्न और रेजीडेन्ट डॉक्टर 36 घंटे की शिफ्ट करते हैं उनके लिए साफ सफाई और आराम की समुचित व्यवस्था नहीं होती। मेडिकल केयर यूनिट में सुरक्षाकर्मियों की कमी रहती है।1- सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन2- डॉक्टर एन नागेश्वर रेड्डी (एशियन इंस्टीट्यूट आफ गैस्ट्रोएनलाजी एंड एआइजी अस्पताल हैदराबाद के चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर)3- डॉक्टर एम. श्रीनिवास एम्स दिल्ली के निदेशक4- डॉक्टर प्रतिमा मूर्ति (नेशनल इंस्टीट्यूट आफ मेंटल हेल्थ और न्यूरोसाइंस (निमहांस) बंगलूरू की निदेशक5- डॉक्टर गोवर्धन दत्त पुरी एम्स जयपुर के कार्यकारी निदेशक6- डॉक्टर सौमित्र रावत मेम्बर बोर्ड आफ मैनेजमेंट सर गंगाराम अस्पताल दिल्ली7- प्रोफेसर अनीता सक्सेना (पंडित बीडी शर्मा मेडिकल यूनीवर्सिटी रोहतक की पूर्व डीन और एम्स दिल्ली कार्डियोलाजी विभाग की प्रमुख8- डॉक्टर पल्लवी सापले (ग्रांट मेडिकल कालेज एंड जेजे ग्रुप आफ हास्पिटल मुंबई की डीन)9- डॉक्टर पद्मा श्रीवास्तव दिल्ली एम्स के न्यूरोलाजी विभाग की पूर्व प्रोफेसर हैं।

## दुनिया की सबसे बुजुर्ग महिला मारिया ब्रान्यास का निधन, 117 साल का उम्र में ली अंतिम सांस

**मैड्रिड 21 अगस्त [एजेंसी]।**

दुनिया की सबसे बुजुर्ग व्यक्ति मानी जाने वाली अमेरिकी मूल की स्पैनियार्ड मारिया ब्रान्यास, जिनकी उम्र 117 वर्ष थी, उनका निधन हो गया। उनके परिवार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जेरोन्टोलॉजी रिसर्च ग्रुप द्वारा सूचीबद्ध अगला सबसे बुजुर्ग व्यक्ति अब जापान का टोमिको इट्का है, जो 116 वर्ष का है। ब्रान्यास के एक्स अकाउंट पर उनके परिवार ने लिखा कि मारिया ब्रान्यास हम सब को छोड़कर चली गईं। वह जिस तरह से जाना चाहती थीं, वैसे ही चली गईं। बिल्कुल शांत, चिर निद्रा में और बिना किसी पीड़ा के। ब्रान्यास का जन्म 4 मार्च, 1907 को सैन फ्रांसिस्को में हुआ था। कुछ वर्षों तक न्यू ऑरलियन्स में रहने के बाद, जहाँ उनके पिता ने एक पत्रिका की स्थापना की, जब वह छोटी थीं तो उनका परिवार स्पेन लौट आया। ब्रान्यास ने कहा कि उनको प्रथम विश्व युद्ध के दौरान अटलांटिक महासागर को पार करने की बातें याद हैं। उनके एक्स खाते को सुपर कैटलन ग्रैंडमा कहा जाता है और इसका विवरण है कि मैं बूढ़ी हूं, बहुत बूढ़ी हूं, लेकिन बेवकूफ नहीं हूं। 113 साल की उम्र में, वैश्विक महामारी के दौरान ब्रान्यास को सीओवीआईडी -19 के लिए सकारात्मक परीक्षण किया गया था, लेकिन उन गंभीर लक्षणों को विकसित होने से बचा लिया गया, जिनकी चपेट में हजारों बुजुर्ग स्पेनवासी आ गए थे। अपनी मृत्यु के समय वह ओलोट के कैटलन शहर में एक नर्सिंग होम में रह रही थी।ब्रान्यास के परिवार ने लिखा कि ब्रान्यास ने अपनी मृत्यु से कुछ दिन पहले उन्हें बताया था कि मुझे नहीं पता कब, लेकिन बहुत जल्द यह लंबी यात्रा समाप्त हो जाएगी। मौत मुझे इतना जी लेने के कारण थकी हुई लगेगी, लेकिन मैं इसका स्वागत मुस्कुराहट के साथ करना चाहती हूं, स्वतंत्र और संतुष्ट महसूस करना चाहती हूं।

## शादी करने के बाद ससुराल गया युवक, वहां होने लगी खतना करने की तैयारी, पता लगते ही भागा



**बरेली, 21 अगस्त [एजेंसी]।**

मुस्लिम युवती से शादी करने वाले प्रेम शंकर गुप्ता को ससुराल वालों ने बंधक बना लिया। उनका जबरन मतांतरण कराकर निकाह कराया। वहां खतना करने की भी तैयारी थी, इसी बीच युवक किसी तरह भाग आया। मंगलवार को उसने एसएसपी से शिकायत की है। प्रेम शंकर ने हिंदू रीति रिवाज से अगस्त्य मुनि आश्रम में 11 जुलाई को पीलीभीत की मुस्लिम युवती ने विवाह किया था। एक सप्ताह बाद युवती उसे यह कहकर अपने घर ले गई कि उसके पिता ने जहर खा लिया है। आरोप है प्रेमशंकर को युवती के परिजनों ने उसे एक मजार पर बंधक बना लिया। युवती भी उनके साथ शामिल रही। तमंचा दिखाकर 18 जुलाई को मतांतरण के बाद उसका निकाह करा दिया।

प्रेम शंकर के अनुसार, युवती के परिजनों ने कहा कि किसी को यह नहीं पता कि उनकी बेटी ने हिंदू से शादी की है, इसलिए अब निकाह कराकर यह बताएंगे कि लड़का भी मुसलमान है। उसका कहना है कि ससुराल वाले आपस में प्रेम शंकर का खतना कराने की योजना बना रहे थे। इसके साथ ही आधार कार्ड पर भी नाम बदलवाने की बात कह रहे थे। यह बातें सुनकर वह वहां से भागकर अपने घर जगतपुर आ गया। मंगलवार को प्रेमशंकर ने एसएसपी को शिकायती पत्र सौंपा हैं। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से शिकायती पत्र मिला है। मामले में जांच कराने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गरीब परिवार को 30 हजार देकर करा दिया था चुप नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का आरोपी अनुदेशक गिरफ्तार

**सोनभद्र , 21 अगस्त [एजेंसी]।**

क्षेत्र की आदिवासी नाबालिग छात्रा संग 30 दिसंबर को हुई दुष्कर्म की घटना का आरोपी शिक्षक (अनुदेशक) विशंभर कुमार को कोतवाली पुलिस ने जिला मुख्यालय के हाइडिल मैदान से मंगलवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का मेडिकल मुआयना के बाद पुलिस ने धारा 376(3), 376(2) एफ भादवि व 3/4(2)/5एफ/6 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह को मंगलवार को तड़के मुखबिर ने आरोपी को राबर्ट्सगंज में मौजूद होने की जानकारी दी। कोतवाल उपनिरीक्षक मिट्ठू प्रसाद व मक्खन लाल के साथ हेड कांस्टेबिल शिवकुमार यादव एवं अनुराग कुमार के साथ जिला मुख्यालय धमक पड़े। हाइडिल मैदान से रेलवे स्टेशन की ओर आरोपी को पैदल जाते पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोचने में कामयाब हो गई।घोरावल में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराने के लिए आरोपी अनुदेशक ने आठवीं में अध्ययनरत बालिका को बीते 30 दिसंबर को घर से अपने कमरे पर ले गया। उसी रात दुष्कर्म किया। दूसरे व तीसरे दिन अपने साथ घोरावल



में रखा। चौथे दिन उसे धमकी के साथ घर छोड़ा। इसके बाद से ही वह बीमार रहने लगी। वाकये के तीन माह बाद पीड़िता ने बुआ से आपबीती बताई। इस पर परिजन आरोपी से पूछताछ किए तो वह परिवार को 30 हजार रुपये देकर मामले को दबा दिया। पीड़िता की तबीयत खराब होने पर बीते दस जुलाई को मामला पुलिस के पास पहुंचा। आदिवासी परिवार से जुड़ी एक महिला ने समूचे घटनाक्रम की जानकारी जुलाई माह में अपनी एक सहेली को दी। इस पर अन्यत्र रहने वाली महिला ने मामले की जानकारी जुलाई के पहले सप्ताह में पुलिस अधीक्षक को दी।एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने समूचे घटनाक्रम की जांच कराने के बाद दुद्धी कोतवाल को पूरे प्रकरण की जानकारी देते हुए तत्काल मुकदमा पंजीकृत करने का निर्देश दिया।मुकदमा लिखने के लिए जब पीडिता के गांव पुलिस पहुंची तो पता चला कि वह छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के थाना त्रिकुंडा के काशीनगर गांव के बसेराटोले में किसी रिश्तेदार के घर में है। पुलिस जब वहां पहुंची तो उसकी मरणासन्न स्थिति देख बेहद गंभीर हो गई। कोतवाल मनोज सिंह उसे अपने साथ लेकर यहां ले आए, उसकी बयान दर्ज करने के बाद अस्पताल में दाखिल कराया। चिकित्सकों के नाजुक हालत बताने पर आर्थिक मदद देकर उसे इलाज के लिए पुलिस अभिरक्षा में वाराणसी भेजा।

जहां इलाज के दौरान बीते 13 अगस्त को उसकी मौत हो गई। आदिवासी बालिका के साथ अनुदेशक के हैवानियत की भनक विद्यालय में नियुक्त गांव के स्वजातीय शिक्षामित्र नंदलाल को मार्च माह में ही मिल चुकी थी, किंतु उसने गांव-समाज की बिटिया को इंसाफ दिलाने की बजाय पीड़ित परिवार की जमीन गिरवी रखकर उसे अपने कर्ज तले दबा दिया। इतना ही नहीं अनुदेशक एवं विद्यालय के शिक्षामिश्र के साथ मिलकर पीड़ित परिवार को पुलिस से शिकायत न करने एवं उसके इलाज के नाम पर आरोपी ने 30 हजार रुपये भी पीड़िता के पिता को दिया।

## सूटकेस में क्या था,घरवाले ढूंढ़ते रह गए कहां गई बेटी, पड़ोसियों से पूछा तो सामने आई हकीकत



**फिरोजाबाद, 21 अगस्त [एजेंसी]।**

थाना रसूलपुर क्षेत्र के मोहल्ला गुरुदेव नगर निवासी विवाहिता ने रविवार सुबह पारिवारिक कलह से परेशान होकर कमरे में फंदे से लटक कर जान दे दी। ससुरालीजनों ने शव को सूटकेस में बंद कर शिकोहाबाद के भूड़ा नहर में बहा दिया। बाद में उसकी गुमशुदगी रसूलपुर थाने में लिखाई गई थी। युवती के पिता ने ससुरालीजनों के खिलाफ अपनी पुत्री की दहेज हत्या कर शव गायब करने की प्राथमिकी लिखवाई है। मंगलवार को पुलिस टीम गोताखोरों की मदद से नहर में शव की तलाश करती रही।दक्षिण क्षेत्र के मोहल्ला भीमनगर निवासी एससी प्रमोद कुमार ने अपनी पुत्री रौनक की शादी गुरुदेव नगर निवासी प्रशांत गुप्ता उर्फ जैकी से बीते नवंबर में की थी। परिवार में विवाद होने के बाद रौनक ने रविवार सुबह कमरे की कुंडी बंद कर फंदे से लटक गई थी। इसके बाद ससुरालीजन ने मोहल्ले के निवासी बढ़ई को बुला कर दरवाजे में छेद करा कर शव को उतारा। इसके बाद सूटकेस में शव रख कर अपनी कार से ले जाकर भूड़ा नहर में बहा दिया। इस बीच सोमवार सुबह 10 बजे पति जैकी और ननद कंचन रौनक के मायके पहुंची और उसके कहीं चले जाने की बात बताई।पिता प्रमोद कुमार ने मौके पर आकर मोहल्ले के लोगों से बात की तो पता चला कि रौनक फंदे से लटक गई थी। ससुरालीजन शव को बड़े सूटकेस में लेकर कहीं गए थे। इसके बाद प्रमोद ने थाने में छह ससुरालीजनों के विरुद्ध दहेज हत्या और शव को छिपाने की प्राथमिकी लिखवाई। हरकत में आई पुलिस ने पति, ननद, सास शशि, देवर सनी समेत पांच आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी लिखवाई। इंस्पेक्टर प्रमोद पवार ने बताया कि चार आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

## सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले पर उठाया सवाल कांग्रेस के 100 करोड़ के आयकर नोटिस से जुड़ा है मामला

**नईदिल्ली, 21 अगस्त [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली हाई कोर्ट के उस फैसले पर सवाल उठाया है जिसमें कांग्रेस को 100 करोड़ रुपये से अधिक के बकाया की वसूली के लिए आयकर मांग नोटिस पर रोक लगाने के लिए आयकर अपीलीय अधिकरण (आईटीएटी) का रुख करने को कहा गया है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने हाई कोर्ट के 13 मार्च के आदेश के खिलाफ कांग्रेस की याचिका पर नोटिस जारी किया। हालांकि, शीर्ष कोर्ट ने



कहा कि अधिकरण राजनीतिक दल की अपील पर सुनवाई कर सकता है। पीठ ने कहा- हाई कोर्ट ट्रिब्यूनल के आदेश के खिलाफ अपील किए जाने पर याचिकाकर्ता यानी कांग्रेस को कैसे कह सकता है कि वह वापस ट्रिब्यूनल के पास जाएद्ध हाई कोर्ट ने अपने अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल नहीं करके सही नहीं किया।

आयकर विभाग की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सालिसिटर जनरल एन वेंकटरमण ने कोर्ट को बताया कि बकाया राशि की वसूली पहले ही हो चुकी है। कांग्रेस की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने दलील दी कि हाई कोर्ट को अपने अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करना चाहिए था और मांग नोटिस पर अंतरिम रोक लगानी चाहिए थी।

## पाकिस्तान के अस्पताल में सफाईकर्मी ने पांच साल की बच्ची से किया दुष्कर्म, डॉक्टरों ने किया प्रदर्शन

**लाहौर, 21 अगस्त [एजेंसी]।**

पाकिस्तानी पंजाब की राजधानी लाहौर के सर गंगा राम अस्पताल में एक सफाई कर्मचारी ने पांच वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि यह घृणित अपराध अस्पताल की तीसरी मंजिल पर सोमवार को हुआ। इसके बाद छात्राओं और महिला डाक्टरों ने अस्पताल के बाहर प्रदर्शन कर अबोध बच्ची को तुरंत न्याय दिलाने की मांग की।लाहौर पुलिस के अनुसार 20 वर्ष के आसपास की उम्र के सफाई कर्मी ने अपराध किया है। बच्ची के चिल्लाने की आवाज पर समीप के रोगियों और देखरेख करने वालों का ध्यान गया। लोगों ने उसको पकड़ लिया और पिटाई करने के बाद उसे पुलिस को सौंप दिया।बच्ची को इलाज के लिए इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। इस घटना के बाद फातिमा जिन्ना मेडिकल कालेज महिला विश्वविद्यालय की छात्राओं एवं महिला डॉक्टरों ने अस्पताल के बाहर प्रदर्शन किया। छात्राओं एवं डाक्टरों ने सरकार एवं प्रशासन के विरुद्ध नारे लगाए।

## अपनी मर्जी से कुछ नहीं कर सकते पीएम मोदी, भाजपा की सरकार को खरगे ने बताया अल्पमत

**मुंबई, 21 अगस्त [एजेंसी]।**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अल्पमत सरकार चला रहे हैं। अब वह अपने पैरों पर नहीं खड़े हैं, बल्कि उन्हें जेडीयू और टीडीपी की दो टांगें लग गई हैं। उनके समर्थन के बिना वह चल-फिर भी नहीं सकते। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे मंगलवार को मुंबई में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के 80वें जन्मदिवस पर आयोजत सदभावना एवं संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। मुंबई के षड्मुखानंद सभागार में आयोजित इस समारोह में महाराष्ट्र में कांग्रेस के सहयोगी दलों शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे एवं राकांपा (शप) के अध्यक्ष शरद पवार भी शामिल हुए।

इसी समारोह में बोलते हुए खरगे ने कहा कि अपनी सत्ता को टिकाए रखने के लिए भाजपा ने महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में विधायकों-सांसदों को तोड़ा, लेकिन हाल के लोकसभा चुनाव में आइएनडीआइए गठबंधन ने भाजपा को करारा जवाब दिया और उसकी सीटों की संख्या को 240 तक सीमित कर दिया, जो बहुमत के 272 के आंकड़े से काफी कम है। वह नरेंद्र मोदी अल्पमत सरकार चला रहे हैं। अब वह अपनी मर्जी से कुछ नहीं कर सकते। खरगे ने भाजपा को जहर बताते हुए कहा कि इसे चखने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर सीधा प्रहार करते हुए कहा कि राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस के 415 सांसद जीतकर आए, लेकिन उनमें कभी अहंकार नहीं आया। जबकि नरेंद्र मोदी 400 पार का नारा देते रहे, और महाराष्ट्र ने ही उनकी हवा निकाल दी। खरगे ने कहा कि नरेंद्र मोदी देश के भले के लिए नहीं, बल्कि हुकुमशाह बनकर सत्ता चला रहे हैं।इस अवसर पर बोलते हुए राकांपा (शप) के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि इस देश को गढ़ने में नेहरू-गांधी परिवार का क्या योगदान है, आज के सत्ताधारियों को उसका पता ही नहीं है। उनके योगदान को देश कभी भूल नहीं सकता।

शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि कांग्रेस इतने दिनों तक सत्ता में रही, लेकिन उसने कभी शिवसेना को बैर के भाव से नहीं देखा। कभी शिवसेना नेताओं के घर ईडी और सीबीआई नहीं आई। लेकिन अब भाजपा शिवसेना को खत्म करने निकल पड़ी है। उद्धव ठाकरे ने राजीव गांधी को याद करते हुए कहा कि राजीव गांधी सभ्य एवं सुसंस्कृत व्यक्ति थे। उन्होंने कभी 400 पार का नारा नहीं दिया। इतना बड़ा बहुमत पाने के बावजूद वह सत्ता का विकेंद्रीकरण कर पंचायत राज ले आए।

## बांग्लादेश में बीएनपी कर रही शेख हसीना के प्रत्यपर्ण की मांग, कहा- उन्हें कानूनी तरीके से हमें सौंप दे भारत

**ढाका, 21 अगस्त [एजेंसी]।**

बांग्लादेश में अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ माहौल और खराब किया जा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने भारत से अपदस्थ प्रधानमंत्री और अवामी लीग की प्रमुख शेख हसीना का प्रत्यर्पण करने को कहा है। बीएनपी नेता ने भारत के समक्ष उन्हें बांग्लादेश को सौंपने की मांग इसलिए रखी है ताकि शेख हसीना के खिलाफ बांग्लादेश में आंदोलन को दबाने की साजिश के आरोप में उन पर मुकदमा चलाया जा सके।डेली स्टार अखबार ने अपनी रिपोर्ट में बीएनपी नेता मिर्जा फखरुल के हवाले से मंगलवार को बताया है कि यह हमारा भारत से आह्वान है कि वह कानूनी तरीके से शेख हसीना को बांग्लादेश की सरकार को सौंप दे।बांग्लादेश की जनता ने हसीना के खिलाफ मुकदमा चलाने का फैसला लिया है। इसलिए उन्हें मुकदमे का सामना करने दें। बीएनपी के संस्थापक और पूर्व अध्यक्ष जिया-उर-रहमान की कब्र पर फूल चढ़ाने के बाद मिर्जा फखरुल ने संवाददाताओं से कहा



कि शेख हसीना को शरण देकर भारत लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर कायम होता नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत में ठहर कर शेख हसीना ने बांग्लादेश में हुए आंदोलन को नाकाम बनाने की कई साजिशें रच रही हैं।बांग्लादेश के लोग उनके अपराध को छोटा नहीं मानते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हसीना के कार्यकाल में बांग्लादेश पर 18 लाख करोड़ टका का कर्ज चढ़ गया है और करीब देश के सौ अरब डालर छीन लिए गए। फखरुल ने कहा कि उनके शासनकाल में देश की सभी संस्थाओं को तबाह कर दिया गया।डेली स्टार के हवाले से ही खबर है कि शेख हसीना और 23 अन्य लोगों के खिलाफ बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध प्राधिकरण में एक और मामला दर्ज कराया गया है। उनके खिलाफ यह चौथा मामला है जो अंतरराष्ट्रीय अपराध प्राधिकरण में दर्ज किया गया है। उनको 5 मई, 2013 में इस्लामी समूह की रैली में हुए जनसंहार के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। सुप्रीम कोर्ट के वकील गाजी एमएच तामीम ने शिकायत दर्ज करके कहा कि प्रारंभिक जांच होने के बाद आरोपितों के खिलाफ वारंट जारी किया जाएगा।

ध्यान रहे कि बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ छात्र आंदोलन के दौरान 76 वर्षीय हसीना से विगत पांच अगस्त को इस्तीफा ले लिया गया और सेना ने उन्हें देश छोड़कर भागने को विवश कर दिया। उसके बाद अपनी जान बचाकर वह भारत में शरण लेने आई थीं। वहीं, 79 वर्षीय बीएनपी की अध्यक्ष व पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया पिछले 17 सालों से हसीना के शासनकाल में जेल में रही हैं। फिलहाल जेल से रिहा होकर वह अपना इलाज करा रही हैं।

## रक्षाबंधन के दिन महिला के साथ 15 युवकों ने किया सामूहिक दुष्कर्म, पांच घंटे तक बंधक रखा बनाए



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ में रायगढ़ जिले के पुसौर थाना क्षेत्र में 19 अगस्त की रात 15 युवकों द्वारा एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपितों ने महिला को पांच घंटे तक बंधक बनाए रखा और दरिंदगी की। पुलिस ने छह आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है, इनमें एक नाबालिग भी शामिल है। जानकारी के अनुसार रक्षाबंधन के दिन शाम पांच बजे पीड़िता घर से रायगढ़ जाने के लिए निकली थी। रास्ते में 15 युवक उसे जबरदस्ती गांव के तालाब के पास ले गए।

यहां सभी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और फरार हो गए। पीड़िता ने पुसौर थाना पहुंचकर इसकी शिकायत की।मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी ने घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी और त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच युवकों व एक नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया।

# आम के साथ-साथ उसके पत्तों के भी होते हैं कई औषधीय लाभ, डाइट में करें शामिल



आम को फलों का राजा माना जाता है और इसका स्वाद लाजवाब होता है। हालांकि, काफी कम लोग इस बात से वाकिफ हैं कि आम के साथ-साथ उसके पत्ते भी कई औषधीय लाभों से समृद्ध होते हैं।आम के पत्तों के अर्क का उपयोग पारंपरिक चिकित्सा में मधुमेह, दस्त और अस्थमा सहित कई बीमारियों के इलाज के लिए किया जाता है।आम के मौसम के जाने से पहले उसके पत्तों को अपनी डाइट का हिस्सा बनाकर ये 5 लाभ पाएं।

मधुमेह के इलाज में मददगार

आम की पत्तियों में एंथोसायनिडिन्स नामक फाइटोकेमिकल्स और टैनिन होते हैं, जो ब्लड शुगर के बढ़े हुए स्तर को कम कर सकते हैं। इनमें फाइटोकेमिकल्स मौजूद होते हैं, जो मधुमेह के उपचार में मदद करते हैं।इन पत्तियों में बीटा-टारैक्सेरोल नामक यौगिक होता है, जो इंसुलिन के साथ मिलकर ग्लूकोज को सक्रिय करता है और ग्लाइकोजन के संश्लेषण को बढ़ाता है।आम के पत्ते मधुमेह एंजियोपैथी और मधुमेह रेटिनोपैथी के इलाज में मदद करते हैं, जो मधुमेह की जटिलताएं हैं।

वजन रहता है नियंत्रित

आम के पत्तों में मैंगिफेरिन नामक यौगिक होता है, जो एडिपोनेक्टिन को सक्रिय करने में मदद करता है। एडिपोनेक्टिन एक तरह का प्रोटीन है, जो शरीर में वसा चयापचय और शर्करा को संतुलित करता है।अध्ययनों से पता चलाता है कि आम के पत्ते कोशिकाओं में वसा के संचय को रोकते हैं, जिससे मोटापा कम होने लगता है।आप आम के पत्तों को खान-पान का हिस्सा बनाकर अपना वजन घटा सकते हैं और उसे नियंत्रित भी रख सकते हैं।

किडनी की पथरी के उपचार में सहायक

आप अपनी डाइट में आम के पत्तों को शामिल करके किडनी की पथरी से छुटकारा पा सकते हैं। इन्हें रात भर पानी में भिगो के रख दें, फिर सुबह मिक्सी में पीसकर इनका पाउडर बना लें।इस पाउडर को सुबह-शाम पानी के साथ खाएं। ऐसा करने से किडनी की पथरी को तोड़कर शरीर से बाहर निकालने में मदद मिल सकती है।आप इन घरेलू नुस्खों की मदद से किडनी की पथरी का उपचार कर सकते हैं।

रक्तचाप होता है कम

आम के पत्तों में हाइपोटेंसिव गुण होते हैं, जिसका मतलब है कि ये रक्तचाप को कम करने में मदद कर सकते हैं। ये पत्ते रक्त वाहिकाओं को मजबूत बनाने के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं।आप इन पत्तों से बनी हर्बल चाय पीकर रक्तचाप को नियंत्रित कर सकते हैं और बढ़ी हुई नसों का उपचार कर सकते हैं।आम के पत्तों की चाय बनाने के लिए पत्तों को कुछ देर पानी में उबालें। इसके बाद इन्हें छानकर पीएं।

पेट के लिए फायदेमंद

संपूर्ण स्वास्थ्य का समर्थन करते हुए निरोग रहने के लिए अपने पेट के स्वास्थ्य को दुरुस्त रखना बेहद जरूरी होता है। ऐसा करने के लिए आप आम के पत्तों को आहार का हिस्सा बना सकते हैं।आम के पत्तों को रात भर गर्म पानी में भिगो दें और छानकर इसे रोजाना खाली पेट पीएं। इससे आपको कब्जी, दस्त और अन्य पाचन संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिल जाएगा।आप इन खाद्य पदार्थों से पाचन स्वास्थ्य को दुरुस्त रख सकते हैं।

# सिल्वर रिवीलिंग साड़ी पहन मौनी रॉय ने शेयर किया ग्लैम लुक



टीवी से बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग के दम पर पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस मौनी रॉय आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उनका हर एक अंदाज इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ ग्लैमरस फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

मौनी रॉय हमेशा अपने ग्लैमरस लुक्स और स्टाइलिश फैशन सेंस के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक पर अपना दिल हार जाते हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस मौनी रॉय ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की बेहद खूबसूरत तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनकी कातिल अदाओं से फैंस की नजरें नहीं हट पा रही हैं।

मौनी रॉय ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान ब्लू कलर की साड़ी पहनी हुई है। यह साड़ी काफी रिवीलिंग लुक में दिखाई दे रही हैं।

एक्ट्रेस मौनी रॉय का यह लुक फैंस को काफी ज्यादा पसंद आ रहा है। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई कैमरे के सामने किलर पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

उनका ये टेम्पटिंग लुक देखकर हर कोई उनकी तारीफ करता हुआ नहीं थक रहा है। बता दें कि लोग उनकी एक्टिंग ही नहीं बल्कि बोल्ड लुक्स के भी दीवाने हैं। बालों को बांधकर, लाइट मेकअप और न्यूड शेड लिप्सटिक लगाकर एक्ट्रेस मौनी रॉय ने अपने इस लुक को और भी ज्यादा खूबसूरती के साथ निखारा है। इंडियन हो या फिर वेस्टर्न मौनी रॉय हर अंदाज में कहर ढाती हैं। उनका ग्लैमरस लुक अक्सर फैंस को दीवाना बना देता है।



# विक्की कौशल की छावा का टीजर हुआ रिलीज, छत्रपति संभाजी महाराज के किरदार में दिखे

विक्की कौशल की बहादुर छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका वाली फिल्म छावा का टीजर रिलीज हो गया है. टीजर में विक्की कौशल का योद्धा अवतार ने फैंस को दीवाना कर दिया है. यह टीजर स्त्री 2 से पहले दिखाया गया था और इसने फैंस को पहले ही उत्साहित कर दिया है. विक्की को महान छत्रपति शिवाजी महाराज के दुर्जेय पुत्र के रूप में एक शक्तिशाली परिचय देता है.

छावा के मेकर्स ने फिल्म का धांसू टीजर रिलीज किया है. विक्की कौशल ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर किया है और कैप्शन में फिल्म के बारे में अपडेट देते हुए लिखा है, स्वराज्य के रक्षक. धर्म के रक्षक. छावा - एक साहसी योद्धा की महाकाव्य गाथा.टीजर आउट. योद्धा 6 दिसंबर 2024



को दहाड़ेगा.टीजर की शुरुआत एक रणभूमि से होती है. बैक ग्राउंड में एक दमदार डायलॉग के साथ छावा का परिचय देते हुए सुना जा सकता है. इसके बाद छत्रपति संभाजी महाराज के रूप में विक्की कौशल की एंट्री होती है, जो दुश्मनों से युद्ध करते हुए नजर आते हैं. शेर की दहाड़ के साथ छत्रपति संभाजी महाराज दुश्मनों को संहार करते है. विक्की कौशल के ये अवतार ने फिल्म को लेकर और उत्सुकता बढ़ा दी है.छावा एक ऐतिहासिक ड्रामा है. छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है. फिल्म में विक्की कौशल मराठा साम्राज्य के संस्थापक के सबसे बड़े बेटे छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाने वाले हैं. दूसरी ओर, रश्मिका मंदाना फिल्म में येसुबाई भोंसले की भूमिका निभा रही हैं. फिल्म में अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा और दिव्या दत्ता भी मुख्य भूमिकाओं में हैं. रिपोर्ट के अनुसार, अभिनेता नील भूपालम को भी फिल्म में मुगल राजकुमार का किरदार निभाने के लिए चुना गया है.

# हर महीने पूरा खर्च हो जाता है वेतन? पैसे बचाने के लिए आजमाएं ये 5 तरीके

आज की तेज-तर्रार दुनिया में वित्त का प्रबंधन करना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।जीवन यापन की बढ़ती लागत और आर्थिक अनिश्चितताओं के साथ एक अच्छी बचत की योजना वित्तीय सुरक्षा और मानसिक शांति प्रदान कर सकती है, खासतौर से आपातकालीन स्थिति में।

सबसे पहले बजट बनाएं और उसी के अनुसार खर्चा करें- हर व्यक्ति को अपने खर्चों की गणना करनी चाहिए और इसके बाद हर महीने के खर्च के लिए बजट बनाना चाहिए।निर्धारित की गई सीमा के अंदर ही खर्च करने की कोशिश करनी चाहिए, इससे हर महीने पैसे बचाने में मदद मिलती है।इसके अतिरिक्त अपने वेतन से निर्धारित राशि या प्रतिशत को अलग करके किसी ऐसी जगह रख दें, जहां आपकी पहुंच रोजाना की न हो क्योंकि सामने दिखने पर पैसे खर्च हो जाते हैं। अनावश्यक खर्चे कम करें-बेशक समय के साथ छोटे-छोटे खर्चे बढ़ गए हैं, लेकिन इनके कारण पूरा वेतन कब खत्म हो जाता है, पता ही नहीं चलता। इससे बचने के लिए उन लागतों की पहचान करने के लिए अपने मासिक व्यय का विश्लेषण करें, जिन्हें कम या खत्म किया जा सकता है।उदाहरण के लिए रोजाना



बाहर से कॉफी खरीदने की बजाय उस घर पर ही बनाने पर विचार करें या सिगरेट पीते हैं तो उसकी आदत छोड़ना आदि। मासिक बिल में कटौती करें- वेतन से पैसे बचाने के लिए मासिक बिल में कटौती करना जरूरी है।इसके लिए हर व्यक्ति को अपनी कुशलता का इस्तेमाल करके पानी, गैस, बिजली, फोन के बिल में कटौती करनी चाहिए।इसके अतिरिक्त फोन और इंटरनेट के लिए बेहतर और सस्ता प्लान चुनें। साथ ही अपने बिलों का समय पर भुगतान करके आप लेट फीस और जुर्माने से भी बच सकते हैं। इससे भी आपकी बचत होगी। कर्ज लेने और ज्यादा क्रेडिट कार्ड रखने से बचें-पैसे बचाने के लिए अपने कर्जों को कम और प्रबंधित करने की कोशिश करें। इसके अतिरिक्त, ज्यादा कर्ज लेने से बचें। कोई भी व्यक्ति तभी कर्ज ले जब बहुत ज्यादा जरुरत हो।साथ ही ज्यादा क्रेडिट कार्ड रखने से भी बचें क्योंकि ज्यादा क्रेडिट कार्ड होने का मतलब है ज्यादा खर्चे। बचत करने के लिए इन बातों का ध्यान जरूर रखें।यहां जानिए त्योहारों पर बचत करने के तरीके। इमरजेंसी फंड को न भूलें- वित्तीय सुरक्षा के लिए हर किसी को सबसे पहले अपने लिए एक इमरजेंसी फंड जरूर बनाना चाहिए।यह किसी आकस्मिक स्थिति में आपके लिए कवच की तरह काम कर सकता है।इस बारे में वित्तीय सलाहकार कहते हैं कि इमरजेंसी फंड के रूप में कम से कम 6 महीने का घर खर्च रखने से आपको मदद मिल सकती है। इसके अलावा इससे आप वास्तव में दोस्तों, रिश्तेदारों या सहकर्मियों से उधार मांगने से बच सकते हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर खेल खेल में की कमाई में मामूली बढ़त

अक्षय कुमार, तापसी पन्नू, एमी विर्क, वाणी कपूर और फरदीन खान जैसे सितारों की अदाकारी से सजी फिल्म खेल खेल में से निर्माताओं के साथ-साथ खिलाड़ी कुमार के प्रशंसकों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन यह दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने के लिए संघर्ष कर रही है।अब वीकेंड पर फिल्म की दैनिक कमाई में मामूली इजाफा देखने को मिला है।आइए जानते हैं चौथे दिन बॉक्स ऑफिस पर खेल खेल में का क्या हाल रहा। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, खेल खेल में ने अपनी रिलीज के चौथे दिन यानी रविवार को 3.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 13.95 करोड़ रुपये हो गया है।खेल खेल में ने 5.05 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी। दूसरे दिन यह फिल्म 2.05 करोड़ रुपये का कारोबार किया।

## घूमर के एक साल पूरे होने पर सैयामी खेर ने इसे अपने जीवन का एक अध्याय बताया

फिल्म घूमर की सफलता से अभिनेत्री सैयामी खेर काफी खुश हैं। उन्होंने अपनी खुशी को एक्स पर पोस्ट कर जाहिर की। फिल्म घूमर एक साल पहले रिलीज हुई थी जिसमें सैयामी खैर और फिल्म स्टार अभिषेक बच्चन मुख्य रोल में नजर आए थे।

फिल्म स्पोर्ट्स पर आधारित है। सैयामी ने कहा मुझे खुशी है कि फिल्म को एक साल के अंदर ही इतनी अच्छी प्रतिक्रिया मिली। यह फिल्म सिर्फ एक प्रोजेक्ट नहीं है; यह मेरे जीवन का एक अध्याय है। हर फिल्म में बहुत मेहनत लगती है। इस फिल्म में कड़ी मेहनत के साथ नाखून भी टूटे। बता दें कि फिल्म में सैयामी ने अनीना की भूमिका निभाई है। वहीं अभिषेक बच्चन ने कोच के रूप में दमदार अभिनय किया। सैयामी इस फिल्म में पैरा-क्रिकेटर की भूमिका में थी। जिसे अभिषेक बच्चन ने कोचिंग दी। इन दोनों के अलावा अंगद बेदी ने भी फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस फिल्म के लिए उन्होंने निर्देशक आर. बाल्की को धन्यवाद किया और कहा कि इस फिल्म में मुझे एक अभिनेता के रूप में निभाने के लिए बहुत कुछ उन्होंने दिया। मैं इस फिल्म में मेरा साथ देने के लिए बाल्की सर की हमेशा आभारी रहूंगी। मुझे उम्मीद है कि मुझे ऐसी चुनौतीपूर्ण और रोमांचक भूमिकाएं मिलती रहेंगी।

घूमर' हमेशा मेरे दिल में एक खास जगह रखेगा, और मैं भविष्य में ऐसे कई और अनुभवों का इंतजार कर रही हूं।

इस फिल्म की कहानी में अनीना जो कि क्रिकेट खिलाड़ी हैं, उनका सपना है कि एक दिन वह भारत के लिए क्रिकेट खेले। लेकिन, एक हादसे में वह अपना दायां हाथ खो देती हैं। इस हादसे के बाद अनीना काफी टूट जाती हैं और अपने अधूरे सपने को लेकर मरना चाहती हैं। इसी बीच अभिषेक बच्चन की एंट्री होती है जो अनीना में विश्वास जगाते हैं कि वह एक हाथ से भी खेल सकती है।

## शब्द सामर्थ्य -153

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रूप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानदंड, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | ■ | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | ■ | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | 12 | ■ | 13 | | | |
| 14 | | ■ | 15 | | | | ■ | ■ |
| ■ | 16 | | | ■ | ■ | ■ | 17 | 18 |
| 19 | ■ | ■ | 20 | 21 | 22 | ■ | 23 | |
| | ■ | 24 | ■ | 25 | | 26 | | ■ |
| 27 | | | | | ■ | 28 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 152 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्ष | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सी |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |

## जॉन अब्राहम की वेदा ने चौथे दिन कमाए इतने करोड़ रुपये



जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ की फिल्म वेदा को स्वतंत्रता दिवस के खास मौके पर यानी 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी।वीकेंड पर भी फिल्म की दैनिक कमाई में खास सुधार देखने को नहीं मिला है।अब वेदा की कमाई के चौथे दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जो बहुत निराशाजनक हैं।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, वेदा ने अपनी रिलीज के चौथे दिन 2.70 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 13.25 करोड़ रुपये हो गया है।वेदा ने बॉक्स ऑफिस पर 6.3 करोड़ रुपये के साथ धीमी शुरुआत की थी, वहीं दूसरे दिन यह 1.8 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। तीसरे दिन इस फिल्म 2.45 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।फिल्म की बजट 50 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। वेदा का निर्देशन निखिल आडवाणी ने किया है, वहीं इसकी कहानी असीम अरोड़ा ने लिखी है। जॉन ने इस फिल्म का निर्माण उमेश केआर बंसल, मोनिशा आडवाणी और मधु भोजवानी के साथ मिलकर किया है।वेदा में जॉन के साथ शरवरी वाघ मुख्य भूमिका में हैं। उनकी अदाकारी की फिल्म में खूब तारीफ हो रही है।अभिषेक बनर्जी, तमन्ना भाटिया और आशीष विद्यार्थी भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। मौनी रॉय ने फिल्म में कैमियो किया है।

# कलेक्टर ने कहा-सड़कों से मवेशियों को सख्ती पूर्ण हटाएं कोताही बिल्कुल न बरतें

**कोरिया/बैकुंठपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय-सीमा पर प्रकरणों का निराकरण करने तथा उच्च न्यायालय के प्रकरणों में समय पर जवाबदावा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। श्रीमती त्रिपाठी ने बैठक में जन चौपाल, पीजी पोर्टल एवं जन शिकायत पोर्टल में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों का समय-सीमा पर निराकरण करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने नगरीय विकास विभाग, जनपद पंचायत, पशुपालन विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों सहित एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अलग-अलग सड़कों, चौक-चौराहे पर बैठने वाले आवारा मवेशियों को हटाने की सख्त कार्यवाही करें, इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं बरतने के निर्देश भी दिए हैं। स्कूली एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं को समय पर आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र बने, इसके लिए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को



परेशानियों का सामना न करना पड़े इसलिए समय पर यह प्रमाण-पत्र तत्काल बनाकर दिए जाए। वहीं श्रम विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिला श्रम अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि श्रमिकों के पंजीयन कार्य में तेजी लाएं साथ ही शिविर भी आयोजित करें ताकि पात्र हितग्राहियों का श्रमिक पंजीयन कार्ड बन सके। उन्होंने स्वच्छता कार्य में जुटी स्वच्छता दीदियों का पंजीयन भी कराने के निर्देश दिए। श्रीमती त्रिपाठी ने नगर पालिका अधिकारियों को सड़क किनारे लगे गुमटी, दुकान, पानठेला आदि कब्जाधारियों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने एन.जी.टी. (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) के निर्देश के तहत जिलेवासियों को नदियों, तालाबों में प्लास्टिक सामान, पॉलीथिन व प्लास्टिक के पानी बॉटल नहीं फेंकने की अपील की साथ ही जनपद एवं नगरीय निकाय के अधिकारियों को नदियों एवं सरोवर को प्रदूषण मुक्त बनाने के दिशा में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने नदियों एवं सरोवर में कचरा एवं प्लास्टिक के समान फेंकने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए हैं। श्रीमती त्रिपाठी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्वास्थ्य केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने की जिम्मेदारी जिन अधिकारियों को दिए हैं, वे समय पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों को स्कूलों, आंगनवाड़ी केन्द्रों, छात्रावासों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने महिला बाल विकास, कृषि विभाग एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि नीति आयोग के सम्पूर्णता अभियान के तहत एनीमिया, कुपोषण से पीड़ित महिला एवं बच्चों को पौष्टिक पोषण आहार, गरम भोजन नियमित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सिकलसेल, डायरिया, मलेरिया, एनीमिया जांच तथा आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड की उपयोगिता की जानकारी दें तथा गांवों में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी से स्कूल जतन योजना के तहत हुए कार्यों का सत्यापन की जानकारी ली तथा अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। समय-सीमा की बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, श्रीमती अंकिता सोम सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## शेयर बाजार में रकम दोगुना करने का झांसा युवक से 77 लाख की ठगी

**अंबिकापुर।** शेयर बाजार में रकम दोगुना कर देने का झांसा देकर अंबिकापुर के एक युवक से 77 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। रकम दोगुना तो नहीं हुआ बल्कि मूलधन भी निवेशक को नहीं मिल सका। तब अंबिकापुर के युवक ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने धोखाधड़ी का अपराध पंजीकृत कर लिया है। अंबिकापुर के मायापुर निवासी सौरभ गुप्ता ने मध्यप्रदेश के अमलाई निवासी रोनित सिंह के विरुद्ध धोखाधड़ी की शिकायत की है। सौरभ गुप्ता के अनुसार, उनकी पत्नी का मायका अमलाई में है, इसलिए रोनित सिंह से उसकी जान पहचान थी। आरोपी जुलाई 2023 में अंबिकापुर आया था। उसने सौरभ को झांसा दिया कि शेयर बाजार में राशि निवेश करने पर रकम दोगुना हो जाता है। सौरव प्राइवेच कर्मचारी है, उसे अपने स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए रुपयों की आवश्यकता थी, इसलिए वह आरोपी रोनित सिंह के झांसे में आ गया। उसने अपने एक परिचित से रकम भी उधार में लिया। आरोपी रोनित सिंह के बैंक खाता में अलग-अलग दिनांक को कुल 77 लाख रुपये जमा कर दिए , लेकिन राशि में किसी भी तरह की बढ़ोतरी नहीं हुई। उसे एक रुपये भी नहीं मिले। रुपये वापस मांग करने पर रोनित सिंह के द्वारा टालमटोल किया जाता रहा। बाद में राशि देने से साफ मना कर दिया गया। तब उसने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध धोखाधड़ी का अपराध पंजीकृत कर लिया है।

## असामाजिक तत्वों ने बलौदा बाजार हिंसा को अंजाम देने में मुख्य भूमिका निभाई

**रायपुर।** खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने मंगलवार को न्यू सर्किट हाउस रायपुर में बलौदाबाजार की घटना के संदर्भ में भिलाई नगर के कांग्रेसी विधायक देवेन्द्र यादव के अपराधिक कृत्यों एवं उक्त घटना में उनकी संलिप्तता के संबंध में प्रेसवार्ता ली। उन्होंने बलौदाबाजार में 10 जून की घटना के लिए भिलाई नगर के विधायक देवेन्द्र यादव को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि सतनामी समाज की असहमति के बावजूद भी वह जबरन सतनामी समाज के आयोजन में पहुंचे। मंत्री ने बताया कि विधायक यादव भिलाई से बहुत से असामाजिक और शरारती तत्वों को भी अपने साथ ले गए थे। उन्होंने लोगों को बलौदाबाजार कलेक्टोरेट परिसर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के घेराव और वहां तोड़-फोड़ आगजनी के लिए उकसाया। विधायक यादव के साथ गये असामाजिक तत्वों ने भी इस घटना को अंजाम देने में मुख्य भूमिका निभाई।

प्रेसवार्ता के पूर्व में मीडिया प्रतिनिधियों को वीडियो फुटेज भी दिखाया गया, जिसमें विधायक श्री यादव प्रमुखता से लोगों को भड़काते नजर आए। मंत्री श्री बघेल ने आगे कहा कि इस वीडियो में आपने देखा कि एक संगीन प्रकरण में गिरफ्तारी के बावजूद किस तरह आदतन अपराधी की तरह से विधायक देवेन्द्र यादव व्यवहार करते नजर आ रहे हैं। किस तरह वे सतनाम समाज के पवित्र झंडे को अपने पावों पर रख रहे हैं। इस तरह आप इनकी मंशा को समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 जून को बलौदाबाजार में हुई घटना बेहद ही दुखद है। वास्तव में एक शांतिपूर्ण आन्दोलन को भड़का कर उसे हिंसक बना देना कांग्रेस के टूलकिट का हिस्सा था। यहां तक कि अमर गुफा की घटना भी इनके टूल किट का ही हिस्सा थी।

## पत्नी और भाई की हत्या कर चुके ग्रामीण ने दूसरी पत्नी को भी मार डाला

**अंबिकापुर।** पहले पत्नी और फिर भाई की हत्या के आरोप पर लगभग 10 वर्ष तक जेल की सजा काट चुके युवक ने दूसरी पत्नी की हत्या कर दी। घटना के बाद वह फरार हो गया। दूसरे दिन घटना की सूचना पुलिस को मिली। हत्या का अपराध पंजीकृत कर पुलिस ने आरोपित की खोजबीन शुरू कर दी है। घटना सरगुजा जिले के दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम पूटा खर्राडांड की हैं। सोमवार की रात यहां रहने वाले आनंद मझवार (45) ने अपनी दूसरी पत्नी सुनीता मझवार (35) की पीट-पीटकर हत्या कर दी। ग्रामीणों ने सोमवार दोपहर में दोनों को साथ में शराब पीकर गांव में घूमते देखा था। दोनों पति-पत्नी अलग घर में रहते थे। शाम के बाद से दोनों को किसी ने नहीं देखा था। सुनीता मझवार को खोजते हुए एक महिला उसके घर पहुंची तो घर में उसका शव पड़ा देख सूचना ग्रामीणों को दी। पति के फरार होने से उसी के द्वारा हत्या किए जाने की संभावना के बीच दरिमा थाना प्रभारी मनोज प्रजापति सूचना पर मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने जांच में पाया कि मृतका सुनीता मझवार के पैर, चेहरे एवं पीठ में मारपीट के कारण खून जमने के निशान थे। अंदरूनी चोट के बाद भी उपचार की सुविधा नहीं मिलने से सुनीता मझवार की मौत हुई थी। घटना के बाद से आनंद मझवार फरार है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपित ने यह तीसरी हत्या की है।

प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में होगा धरना प्रदर्शन. बनाये गए प्रभारी

## एमएलए देवेन्द्र की गिरफ्तारी पर कांग्रेस पार्टी हुई उग्र

**एमसीबी जिले की कमान डॉ. विनय के हाथ..तो कोरिया के डॉ.प्रीतम राम बनाये गए प्रभारी.**

**अपनी नाकामी को छुपाने निर्वाचित विधायक को बनाया मोहरा..ये है भाजपा का चल चरित्र और चेहरा.**



**एमसीबी।** राज्य की भाजपा सरकार बलौदाबाजार प्रकरण में राजनैतिक द्वेष व दुर्भावनावश भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के निर्वाचित विधायक श्री देवेन्द्र यादव सहित युवा कांग्रेस एवं एनएसयुआई के जिला अध्यक्षों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर विभिन्न धाराओं पर एफ.आई.आर. दर्ज कर गिरफ्तार किये जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी और उसका एक-एक कार्यकर्त्ता चुप नहीं बैठेगा.अपनी निस्कृता, नाकामी और लचर कानून व्यवस्था को छुपाने के लिए राज्य की विपक्षी पार्टी और उसके निर्वाचित जन प्रतिनिधियों को निशाना बनाया जा रहा है । उक्त कथन कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आह्वान करते हुए राज्य के सभी जिला अध्यक्षों को पत्र जारी किया है और इस एक दिवसीय प्रदर्शन सहित पुरे मामले में गिरफ्तार विधायक एवं पार्टी के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की रिहाई तक जिले वर प्रभारी की नियुक्ति की गई है और उन प्रभारियों के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन व अन्य विरोध प्रदर्शन को अंजाम देने का जिम्मा दिया गया है। जिस तारतम्य में लगभग तीन वर्ष पूर्व बने राज्य के नविन जिले एमसीबी. की जिम्मेदारी मनेंद्रगढ़ के पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल तो अविभाजित कोरिया जिले का प्रभारी पूर्व विधायक डॉ.प्रीतम राम को बनाया गया है जिनके नेतृत्व में आगामी 24 अगस्त को दोनों जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन कर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

जो एमसीबी एवं कोरिया जिले के साथ पुरे प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयो में होगा जिसको लेकर प्रदेश स्तर तक प्रभारियों की नियुक्ति गई है।

## फरियादी के आवेदन पर पटना तहीसलदार को लगी फटकार




**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जन चौपाल के दौरान कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने एक आवेदन को बारीकी से अध्ययन की। प्रकरण पटना तहसील का था। फरियादी के आवदेन पर पटना तहसीलदार से इस बाबत जानकारी प्राप्त की किंतु तहसीलदार उमेश कुशवाहा का जवाब संतोषप्रद नहीं होने पर कलेक्टर नाराज हुई और जमकर फटकार लगाई।

ग्राम करजी, तहसील पटना, निवासी कतवारी लाल विगत डेढ़ साल से कैंसर बीमारी से जूझ रहा है। आवेदिका श्रीमती श्यामपति की आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय है। ऐसे में उन्होंने अपने पति के समुचित इलाज के लिए अपने हिस्से के जमीन को बेचकर इलाज कराना चाह रही है। आवेदिका श्रीमती श्यामापति लगातार तहसील कार्यालय, पटना जाकर संयुक्त खाते के जमीन को बंटवारा नामा कराने के लिए लगातार चक्कर लगा रही थी। बीमार से ग्रस्त कतवारी लाल के तीनों बहन नहीं चाहती थी कि जमीन का बंटवारा हो और समय पर इलाज हो, इस बाबत उन्होंने स्थानीय पटवारी योगेश गुप्ता और तहसीलदार उमेश कुशवाहा से सांठगांठ कर मामले को लंबित रखे हुए हैं। तहसीलदार एवं पटवारी की उदासीनता से वे काफी दुखी नजर आई।

किंतु इस बार आवेदिका ने कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के समक्ष जन चौपाल पहुंचकर पूरी जानकारी आवेदन के माध्यम से दी। संवेदनशील कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने आवेदन को गंभीरता पूर्वक अध्ययन की और मामले को तत्काल समझ गई। उन्होंने जन चौपाल में ही तहसीलदार उमेश कुशवाहा को जमकार फटकाई लगाई। उन्होंने कहा कि आपको, आम लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए ही नियुक्त किया गया, जबकि आप लोग खुद समस्या खड़े कर रहे हैं। शासन आप लोगों को हर सुविधा मुहैया करा रही है। पीड़ित दर-दर भटक रही हैं, थोड़े से भी मानवीयता नहीं है, इतना संवेदनहीन बन चुके हो। आवेदिका के पति कैंसर जैसे गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं जबकि तहीलदार बंटवारानामा तैयार नहीं कर रहे हैं। उन्होंने तत्काल इस मामले को निराकरण करने के निर्देश पटना तहसीलदार उमेश कुशवाहा को दिए हैं।

## तेज रफ्तार कार खड़े ट्रक में जा घुसी, चालक की मौत

**रायपुर।** जिले में तेज रफ्तार एसयूवी कार खड़े ट्रक के पीछे जा घुसी। हादसे में कार ड्राइवर की मौके पर मौत हो गई। वहीं दोस्त गंभीर रूप से घायल है। घायल को राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पूरा मामला स्मृति नगर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार हादसा सोमवार शाम करीब 6 बजे हुआ। कार इतनी रफ्तार में थी कि ट्रक से टकराने के बाद चकनाचूर हो गई। इंजन वाला हिस्सा पूरी तरह अंदर की ओर धंस गया है। बताया जा रहा है कि कार बनने आई थी, जिसे ट्रायल के लिए लेकर गए थे, तभी हादसा हुआ है। देवेंद्र यादव को बलौदाबाजार कोर्ट लेकर जा रही पुलिस स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि भारत गैस का सिलेंडर ले जाने वाला ट्रक ट्रक अवंती बाई चौक के पास सड़क किनारे खड़ा था, तभी एक कार तेज रफ्तार में आई।

## प्रधानमंत्री द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस से आरंभ हुए अभियान के तहत 22 को होगा कार्यक्रम

**कोरिया बैकुण्ठपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान का उद्देश्य संपूर्ण समाज को प्रकृति से पुन: जोड़ने के लिए है। कोरिया जिले में भी प्रत्येक आम नागरिक इस अभियान के तहत अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें इसके लिए 22 अगस्त को एक दिवसीय आयोजन पूरे जिले में किया जाना है। इस दौरान प्रत्येक कोरियावासी अपने आस पास किसी उचित स्थान पर एक पौधे को लगाकर अपना दायित्व पूरा करेंगे।

जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि इस अभियान में संपूर्ण समाज का दृष्टिकोण रखकर पौधरोपण किया जाना है। जिले की कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में वन विभाग, उद्यानिकी और जल जीवन मिशन की टीम के समन्वय से यह कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। एक पेड़ मां के नाम अभियान में सभी की भागीदारी बनाने के लिए 22 अगस्त को एक दिवसीय कार्यक्रम



आयोजित किया जाएगा जिसमें प्रत्येक ग्रामीण, शहरी कोरियावासी एक पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा का संकल्प लेते हुए अपनी फोटो सोसल मीडिया पर अपलोड करेंगे। डॉ आशुतोष ने कहा कि पौधा लगाने के बाद कोरियावासी हैशटैग एक पेड़ मां के नाम या plantymother के साथ अपने लगाए हुए पौधे के साथ ही फोटो लेकर पोस्ट कर सकते हैं। इसके साथ ही सभी नागरिक https:// merilife.nic.in/नामक वेबसाइट पर भी अपनी तस्वीरों को साझा करें जिससे उनके बेहतरीन कार्य को व्यापक प्रसार मिल सके। जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष ने बताया कि गांव गांव में इसकी व्यापक उपयोगिता के लिए प्रचार प्रसार करते हुए गांव के सार्वजनिक स्थलों पर गांव के वरिष्ठ नागरिक, सभी वयस्क जन, आंगनबाड़ी और विद्यालयों में महिला स्व सहायता समूह की दीदियां की भागीदारी से यह आयोजन पूरा किया जाएगा।

साथ ही इस आयोजन में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत पंजीकृत श्रमिकों और हितग्राहियों की भी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी सहायकों और ग्राम रोजगार सहायकों को भी नियोजित किए जाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। डॉ आशुतोष ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों और अपना पक्का मकान बना चुके सभी हितग्राहियों को भी इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान का हिस्सा बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कार्यरत आवास समन्वयकों को भी जिम्मेदारी प्रदान की गई है।

## सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

**रायपुर।** बोरियाकला स्थित रिद्धि-सिद्धी लोटस पार्क स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 25 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**बैकुंठपुर कोरिया।** 'भारत रत्न' पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती को कांग्रेस पार्टी की तरफ से सद्भावना दिवस के रूप में बैकुंठपुर राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय मनाया गया। राजीव गांधी की 80वा जन्म जयंती पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर समस्त कांग्रेसजानों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।संचार क्रांति के अग्रदूत व पंचायती राज के जनक थे।

इस अवसर पर सभी कांग्रेसजन सभा पर विचार-गोष्ठीयो करते हुए उनको याद किया गया। राजीव जी ने लगातार फिरकापरस्त ताकतों, घृणा, आतंकवाद, अशिक्षा एवं गरीबी के खिलाफ संघर्ष किया। वे जाति, धर्म और सम्प्रदाय के संकीर्ण दायरे से देश को उबारना चाहते थे। उनका प्रयास था कि भारत पारस्परिक सद्भावना का एक ऐसा गुलदस्ता बने जो नवनिर्माण के साथ विकास की मंजिल की ओर निरन्तर बढ़ता रहे। उन्होंने भारत को आधुनिक, खुशहाल और एक मजबूत राष्ट्र बनाने में विशेष भूमिका निभाई। जिलाध्यक्ष अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, , पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष नजीर अजहर, वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद, महामंत्री बृजवासी तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, चंद्र प्रकाश राजवाड़े, सुरेंद्र तिवारी, बिहारी राजवाड़े, अनिल जायसवाल,विकाश श्रीवास्तव, धीरज सिंह, गणेश राजवाड़े, शैलेंद्र सिंह,प्रवीर भट्टाचार्य, अशीष डबरे, रियाजउद्दीन इराकी, धीरू शिवहरे, मनीष सिंह, लवी गुप्ता, मोनू मांझी, हीरालाल ह्यह्यह्यसाहू, विनोद शर्मा, दिलीप टोप्पो समेत अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## डीएवी पांडवपारा के खिलाड़ियों ने मारी बाजी,अलग अलग विधा में जीते 53 पदक



**कोरिया पांडवपारा।** डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स अंतर्गत दो दिवसीय क्लस्टर खेलकूद का आयोजन डीएवी स्कूल भटगांव एवं चिरिमिरी क्षेत्र में आयोजित हुआ। इस प्रतियोगिता में टीम गेम खो खो, कबड्डी, योगासन, शतरंज के साथ कूद फेंक, दौड़ सहित अनेक विधाओं में डीएवी पांडवपारा के 97 छात्रों ने प्रतिभागी के रूप में शामिल होकर 53 पदक अपने नाम किए.इस सफलता पर प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा विद्यार्थियों के सफलता से क्षेत्र में प्रसन्नता व गौरव का माहौल बना हुआ है। डीएवी पांडवपारा के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार सिंह ने खेलकुद संबंधी समस्त तैयारी व अभ्यास का निर्देश दिया था तथा खेल अभ्यास वरिष्ठ खेल शिक्षक सत्यप्रकाश के मार्गदर्शन में हुआ। वि?द्यालय के खेल मैदान में डॉ. मनोज कुमार सिंह ने विद्यालयीन प्रतिभागियों को खिलाड़ी भावना से खेलने का आह्वान करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता के लिए शुभकामनाएं देकर विदा की थी। इस प्रतियोगिता में विद्यालय से कुल 97 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी जीत हासिल कर गौरव बढ़ाया। भटगांव खेल स्पर्धा में खो खो 17 आयु बालक वर्ग की टीम ने रजत पदक हासिल की। चिरिमीरी में शतरंज 14 और 17 आयु के बालकों ने और वेटलिफ्टिंग 17 बालक वर्ग ने भी स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसी प्रकार बैडमिंटन 14 आयु बालिका वर्ग, बालक वर्ग 14 दोनो ने रजत पदक हासिल किया। योगा अभ्यास 14 व 17 बालक वर्ग को रजत तथा योगासन 14 बालिका वर्ग ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इस प्रकार प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालयीन प्रतिभागियों ने कुल 53 पदक अपने नाम किए। संरक्षक शिक्षक के रूप में प्रतिभागियों के साथ विद्यालय से सत्यप्रकाश सिंह, मुकेशचंद्र शास्त्री, मंजूषा सौनी, वेद प्रकाश आर्य,अमित सिंह, ममता अधोलिया, राधिका गुप्ता,उषा श्रीवास्तव शामिल रहे।



## डा आदित्य राजे सिंह ने अदाणी की नर्सरी को सराहा

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में योग और पर्यावरण विषय में शोध कर केवल 10 वर्ष की उम्र में ही दुनिया में अपना लोहा मनवाने वाले डा आदित्य राजे सिंह मंगलवार को अदाणी विद्या मंदिर में अक्षय ऊर्जा दिवस पर आयोजित एक समारोह में शामिल हुए। इतनी कम उम्र में डाक्टर की उपाधि प्राप्त करने तथा गोल्डन बुक आफ़ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज करने वाले आदित्य पर्यावरण के क्षेत्र में स्कूल के छात्रों को जागरूक करने अपने दो दिवसीय प्रवास में सोमवार को सरगुजा पहुंचे। उदयपुर ब्लाक में स्थित अदाणी विद्या मंदिर में पढ़ने वाले कक्षा नौवीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों को संबोधित किया। छात्रों को अपनी शोध और उपलब्धि के बारे में बताया। छात्रों को दुनिया में चल रहे पर्यावरण संरक्षण के लिए विभिन्न उपायों की जानकारी दी। डॉ राजे ने छात्रों से कहा कि आप सभी भेंट के रूप में लोगों को एक पौधे लगाने के लिए दें ताकि ज्यादा से ज्यादा मात्रा में पेड़ लगाया जा सके।

## अवैध शराब बेचते महिला व पुरूष गिरफ्तार

**रायपुर।** खरोरा एवं गुढ़ियारी पुलिस ने अवैध शराब बेचने वाले महिला व पुरूष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 35 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 480 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। खरोरा पुलिस ने ग्राम चकवी मील खंडहर के पास अवैध शराब बेचते आरोपी गोपी चेलक 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 19 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 260 रुपए जब्त किया है।

# आरक्षण में क्रीमिलेयर पर सुको के फैसले के खिलाफ आयोजित कोरबा बंद का आंशिक असर

**कोरबा।** अनुसूचित जाति व जनजाति आरक्षण में क्रीमिलेयर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ विभिन्न संगठनों द्वारा आयोजित भारत बंद के तारतम्य में कोरबा बंद का आंशिक असर रहा। यहां बंद के समर्थक संयुक्त आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा घूम-घूम कर दुकानें बंद करने का निवेदन किया जाता रहा लेकिन बंद समर्थकों के निवेदन को अनसुनी कर दी गई और कुछ व्यापारियों को छोड़कर अधिकांश ने अपनी दुकानें पूर्व की भांति खुली रखी। स्कूलों, बैंक तथा सरकारी दफ्तरों में पूर्व की भांति जारी रहा।

बंद समर्थकों के निवेदन पर व्यापारी कुछ देर अपनी दुकानें बंद कर देते थे वहीं उनके जाने के बाद पुनः दुकानें खोलकर अपना व्यापार करने में जुट जाते थे। बंद के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन बेहद सतर्क रही। चौक-चौराहों पर आज सुबह से ही पुलिस के जवान तैनात कर दिए गए थे जो बंद समर्थकों पर लगातार निगरानी रखे रहे। जानकारी के मुताबिक कोरबा जिले में बंद समर्थक किसी तरह का उपद्रव न फैला सके इसके लिए 300 से ज्यादा फोर्स तैनात किए गए थे जो पूरी तरह अलर्ट मोड में रहे। शहर में सुरक्षा बलों के तैनाती के अलावा सभी थाना प्रभारियों को भ्रमणशील रहने का निर्देश पुलिस कप्तान की ओर से दिया गया था। कप्तान के निर्देशानुसार पुलिस अधिकारी लगातार शहर में गश्त करते रहे। चौक-चौराहों पर तैनात पुलिस कर्मियों को उत्पात मचाने और तोड़फोड़ करने वाले बंद समर्थकों से सख्ती से निपटने का निर्देश भी दिया गया था। पुलिस की सक्रियता के चलते जिले में किसी प्रकार की कोई बड़ी घटना नहीं हुई। खबरों के मुताबिक कोरबा शहर में बंद कर आंशिक असर रहा। यहां पावर हाउस रोड, टीपी नगर, बुधवारी बाजार, सीतामणी क्षेत्र में दुकानें खुली रहीं, जबकि निहारिका क्षेत्र में अधिकांश दुकानें चाय, पान ठेले खुले रहे। वाहनों का आवागमन भी होता रहा। कोरबा शहर के अलावा उपनगरीय बालको, दर्री, जमनीपाली, बांकीमोंगरा, कुसमुंडा, दीपका, छुरी, कटघोरा में भी बंद का कोई विशेष असर नहीं पड़ा है। यहां स्थित लगभग सभी दुकानें खुले हुए हैं।





# केराकछार में आकाशीय बिजली गिरने से 20 मवेशियों की मौत, बाल-बाल बचा चरवाहा



**कोरबा।** कोरबा जिलान्तर्गत ग्राम केराकछार में आकाशीय बिजली गिरने से 20 मवेशियों की मौत हो गई। जबकि घटनास्थल से थोड़ी दूर होने के कारण चरवाहा बाल-बाल बच गया। उक्त घटना में करीब एक दर्जन किसानों को भारी नुकसान हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। तत्पश्चात पोस्टमार्टम के लिए पशु चिकित्सा विभाग को पत्राचार कर चिकित्सक भेजने कहा गया है।

जानकारी के अनुसार कोरबा जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत केराकछार स्थित है, जहां रहने वाले अधिकांश ग्रामीण खेती किसानी का काम करते हैं। ग्रामीणों ने घरों में गाय और बैल भी पाला हुआ है। बताया जा रहा है कि मवेशियों को खुले में छोड़ देने से खेत में लगी फसल को नुकसान होने की आशंका बनी रहती है। मवेशी खेत में घुसकर लहलहाती फसल को अपना निवाला बना लेते हैं। जिससे बचने ग्रामीणों ने मवेशियों को चराने दो चरवाहे की व्यवस्था की है। प्रतिदिन की तरह मंगलवार की सुबह भी चरवाहे मवेशियों को लेकर चराने जंगल गए थे। वे दोपहर करीब दो बजे ग्राम के करीब आराम कर रहे थे। थोड़ी दूर में ही मवेशी भी बैठे थे। इस बीच अचानक मौसम ने करवट ली। तेज गरज के बूंदाबांदी होने लगी। चरवाहे मवेशियों को लेकर बस्ती की ओर ले जाते, इससे पहले ही आकाशीय बिजली गिर गयी। जिसकी चपेट में आने से 9 गाय, 7 बैल व 4 बछड़े की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि कई मवेशी झुलस गए। चरवाहे थोड़ी दूर होने के कारण सुरक्षित बच निकले। उन्होंने गांव पहुंचकर घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर देखा तो मवेशी मृत पड़े थे। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई।

रजगामार पुलिस चौकी प्रभारी मानसिंह ध्रुव अपनी टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने मौके का मुआयना करते हुए पोस्टमार्टम के लिए पशु चिकित्सा विभाग को पत्र लिखा है। घटना के दूसरे दिन आज पुलिस और राजस्व विभाग की मौजूदगी में वैधानिक कार्यवाही उपरांत मृत मवेशियों के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

## मृत गौवंश से बर्बरता, करें कार्रवाई :चौरसिया

**कोरबा।** गौसेवक अनिल चौरसिया ने वज्रपात की घटना में गायों की दर्दनाक मौत पर दुख प्रकट किया है। घटना का दूसरा पक्ष यह भी है कि अज्ञात लोगों ने बर्बरता दिखाते हुए गायों का मांस एवं चमड़ा निकाला। चौरसिया ने रजगामार पुलिस से जांच व कार्रवाई की मांग की है। ग्राम केराकछार मे गाज मारने से कई गौवंश की मृत्यु हो गई है। लगभग एक दर्जन गौवंश इस घटना में समाप्त हो गए। उनके शव यहां मिले। बाद में दूषित मानसिकता रखने वालों ने गौवंश के मृत शरीर से क्रूरता की। अनिल ने उच्च स्तर पर भी इस विषय को भिजवा दिया है।

## स्कूली छात्र-छात्राओं ने पौधों को माना अपना भाई, बांधी राखी



**कोरबा।** करतला विकासखण्ड अंतर्गत प्राथमिक शाला बैगापाली में स्कूली छात्राओं द्वारा पौधों को अपना भाई मानकर उन्हें राखी बांधी गई। रक्षाबंधन के अगले दिन मंगलवार को विद्यालय के छात्र छात्राओं ने स्कूल प्रांगण में अग्रज गुरुभाइयों के द्वारा रोपे गए पौधे को अपना भाई माना और इन्हें राखी बांधी। इसके साथ ही सभी छात्राओं ने प्रण लिया कि वे इन पौधों की देखभाल करेंगे।

भारतीय संस्कृति में पेड़-पौधों को भगवान का दर्जा दिया गया है। पेड़-पौधे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और कार्बन डाइऑक्साइड सोखते हैं। हमें आने वाली पीढ़ी को भी पेड़-पौधों के साथ लगाव रखने की प्रेरणा देनी चाहिए और अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए समाज को जागरूक करना चाहिए। केवल पेड़-पौधे लगाने से ही काम नहीं चलता, उनकी देखरेख का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए।

इस वजह से विद्यार्थियों ने भी पेड़ों को राखी बांधी, जिससे वे उन्हें भाई मानकर उनकी देखभाल करेंगे।

## सड़क किनारे लगा इमली पेड़ धराशाई



**कोरबा।** कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत गायत्री मंदिर से बैंक जाने वाले मार्ग पर सड़क किनारे लगा वर्षों पुराना विशालकाय इमली का वृक्ष आज सुबह एकाएक गिर गया। गनीमत यह रही की पेड़ दिन के वक्त नहीं गिरा अन्यथा जन हानि हो सकती थी, क्योंकि दिन के वक्त इस मार्ग पर लोगों की बड़ी आवाजाही रहती है। कबीर चौक से लेकर गायत्री मंदिर सड़क किनारे पुराने विशालकाय वृक्ष है, जो इस तरह माह दर माह सड़क पर ही गिर रहें है। फिलहाल लोग वैकल्पिक मार्ग का उपयोग कर रहें हैं।

## सड़कों के गड्ढों को पाटने का काम शुरू

**कोरबा।** विद्युत मंडल कोरबा पश्चिम एचटीपीपी कालोनी के सड़कों में बने गड्ढों को पाटने का काम शुरू कर दिया गया है। गड्ढों के चलते हो रही परेशानी को देखते हुए बिजली कर्मचारी संघ ने अधिकारियों से मुलाकात करते हुए ज्ञापन सौंपा था। जिसमें उन्होंने सड़कों के अलावा आवासों के मरम्मतीकरण के लिए भी कहा था। बिजली कर्मचारी संघ के शब्बीर मेमन, अजय मिश्रा, डी.वेंकेटराव, केदार राठौर, हेतराम राठौर ने कालोनी में सड़क निर्माण कार्य के लिए काफी प्रयास किया था। उन्होंने कहा था कि कर्मचारी दिन भर ड्यूटी आते जाते हैं। रात्रि में इन गड्ढों का पता नहीं चलता है जिसके चलते दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। आवासों के मरम्मतीकरण के लिए भी कहा गया था। खासकर पुराने हो चुके मकानों के दरवाजे व खिड़कियां बदलने की बात कही गई थी। इसके अलावा कालोनी में लो वोल्टेज की समस्या को देखते हुए नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग भी की गई थी। अभी तक नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया है। लगातार पानी गिरने के कारण ट्रांसफार्मर लगाने में दिक्कतें हो रही है। आने वाले दिनों में यह कार्य भी हो जाएगा। काफी दिनों से एचटीपीपी कालोनी में बिजली की समस्या भी बनी हुई है।

## राजीव गांधी को याद किया

**कोरबा।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जन्मदिन पर कल दीपका में उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर विशाल शुक्ला, धीरेंद्र तिवारी, अभिषेक चरण, मार्शल एंथोनी सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे। इसी तरह रजगामार क्षेत्र में कांग्रेस नेता दीपचंद केशरवानी के नेतृत्व में राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें याद किया गया। बांकीमोंगरा में भी कल ब्लॉक अध्यक्ष टीकाराम मनहर के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## कन्नौजिया राठौर समाज ने मनाया भोजली तिहार



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ का पारंपरिक भोजली विसर्जन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कन्नौजिया राठौर सामुदायिक भवन से खरमोरा तालाब तक किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड क्रमांक 31 की पार्षद अनीता यादव की उपस्थिति रही। अच्छी भोजली साज सजा के लिए प्रथम पुरस्कार बाबी राठौर, द्वितीय पुरस्कार अनामिका, तृतीय पुरस्कार जया राठौर को दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रंजीत, अर्चना, यूवी, मोगरा, लक्ष्मी देवी, अमृता देवी, प्रीति, राजकुमारी, का सहयोग रहा। महिला मंडल की अध्यक्ष जानकी देवी ने सभी का आभार प्रकट किया।

## पाली क्षेत्र में निकाली गई भोजली रैली



**कोरबा।** छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना द्वारा पारंपरिक त्योहार भोजली रैली के रूप में मनाया गया। जिसकी शुरुआत महामाया मंदिर पाली से नगर भ्रमण करते हुए शिव मंदिर तालाब पर विसर्जन किया गया। यहां मौजूद लोगों की उपस्थिति में रैली निकाली। रैली में छत्तीसगढ़ के विभिन्न पारंपरिक नृत्य की झलक देखने को मिली। यह आयोजन पाली में तीसरे वर्ष किया जा रहा है भोजली की अगुवाई छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के द्वारा की गई। जिसमें जिले के दूर दूर गांवों से शामिल हुए। वहां की अगुवाई छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना पाली खड़ इकाई के द्वारा की गई। इसमें प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना सोनू राठौर, जैनेंद्र कुर्रे, बादल दुबे आदि उपस्थित थे।

## डॉ. बी.डी.अग्रवाल को पत्नी शोक

**कोरबा।** क्षेत्र के विख्यात चिकित्सक और श्वेता नर्सिंग होम के संचालक डॉ. बी.डी. अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती हेमलता अग्रवाल का मंगलवार देर शाम आकस्मिक निधन हो गया। 68 वर्षीय श्रीमती अग्रवाल पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं और उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे पति डॉ. बीडी अग्रवाल सहित पुत्र ब्रजेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, पुत्री श्वेता अग्रवाल एवं नाती-पोतों से भरा-पूरा परिवार रोता-बिलखता छोड़ गई हैं। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार को शाम 4 बजे मुख्य मार्ग कोरबा पीएचसी के पीछे अग्रोहा मार्ग स्थित निवास से प्रारंभ होगी व मोतीसागर पारा मुक्तिधाम में अंतिम विदाई दी जाएगी। उनके निधन की खबर से परिजनों, शुभचिंतकों सहित में शोक की लहर दौड़ पड़ी है।



## उत्कृष्टता का पुरस्कार मिलने पर कर्मचारियों में हर्ष

**कोरबा।** पिछले दिनों विद्युत मंडल कोरबा पूर्व में कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया है। इसके अलावा कर्मचारियों के बच्चों को भी जो प्रतिभावान हैं उन्हें भी सम्मानित किया गया है। इन दोनों कार्यों से कर्मचारियों में व्यापक हर्ष है। इस संबंध में बिजली कर्मचारी संघ के संदीप राठौर, श्यामसुंदर खूंटे का कहना है कि प्रत्येक वर्ष विद्युत मंडल के कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया जाता है। इस सम्मान से कर्मचारियों में काफी उत्साह का संचार होता है और कोई भी बड़ा कार्य करने में पीछे नहीं हटते। इस बार भी यहां के कर्मचारी पुरस्कार का इंतजार कर रहे थे। खासकर प्रतिभावान छात्र भी सम्मानित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त कर रहे हैं।

# रजत जयंती पर अग्रसेन कॉलेज में हुए रंगारंग कार्यक्रम, संस्थापक शिक्षकों को किया सम्मानित

**कोरबा।** श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय द्वारा रजत जयंती उत्सव धुमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में अनेक रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अग्रसेन शिक्षण समिति के पूर्व अध्यक्ष-सचिव व महाविद्यालय के संस्थापक शिक्षकों को मंच से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अग्रोहाधाम रायगढ़ के संस्थापक अध्यक्ष एवं उद्योगपति राकेश अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती और महाराजा अग्रसेन जी महाराज के तैल्यचित्र पर माल्यापर्ण कर दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष रामसिंह अग्रवाल, महावीर प्रसाद अग्रवाल, नागरमल अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, श्रीकांत बुधिया, अग्रसेन कन्या शिक्षण समिति महाविद्यालय के अध्यक्ष सुनील जैन एवं विद्यालय के अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल उपस्थित रहे।



मुख्य अतिथि के आसंदी से अपने संक्षिप्त उद्बोधन में राकेश अग्रवाल ने कहा कि कोरबा अग्रवाल सभा और शिक्षण समिति की पूर्व कि समितियों द्वारा बहुत अच्छा कार्य किया गया जिसका परिणाम आज हमें दिख रहा है। पूर्व की टीम से प्रेरणा लेकर वर्तमान कार्यकारिणी भी उनके कार्यों को आगे बढ़ाते हुए सराहनीय कार्य कर रही है। महाविद्यालय के बच्चे आज राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे है यह छत्तीसगढ में पहला कालेज है जो अग्रवाल सभा के द्वारा संचालित है जो 25 वर्षो से अपनी सेवाये दे रहा है आज कहते हुए हमें गर्व महसुस हो रहा है कि हम अग्रवाल है और हम समाज सेवा के हर क्षेत्र में सहयोग करने में कभी पीछे नहीं रहते।

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने अपने उदबोधन में कहा कि नारी शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए शासन लगातार प्रयास कर रही है लेकिन इसके लिए समाज को खुद भी जागृत होना होगा। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा महाविद्यालय की भूमि दानदाता श्रीमती कौशिल्या देवी, अग्रवाल सभा के पूर्व सचिव विनोद अग्रमोदी, अग्रसेन शिक्षण समिति के पूर्व अध्यक्षों छेदीलाल अग्रवाल, महावीर प्रसाद अग्रवाल, बृजकिशोर अग्रवाल, हरस्वरूप अग्रवाल, इंजी. राज अग्रवाल, उमा बंसल, संगीता अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल पूर्व सचिवगण महेश गुप्ता, गोपाल अग्रवाल, आशीष खेतान, अखिलेश अग्रवाल एवं महाविद्यालय के संस्थापक शिक्षक-शिक्षिका उषी बाला गुप्ता, किरण बाजपेयी, गौरी वानखेड़े, मंजीत कौर, एम.एल. देवांगन, पुरूषोत्तम जायसवाल, शांति साहू, सरोज सिंह राजपूत, शंकुतला यादव, जनकराम को स्मृति चिन्ह एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालयीन छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुती दी गई। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन आशीष खेतान, प्रियंका अग्रवाल, रूचिका कल्ला द्वारा एवं आभार प्रदर्शन अग्रसेन शिक्षण समिति के सचिव पवन अग्रवाल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान अग्रवाल सभा के उपाध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल, पदाधिकारी एवं सदस्यगण सुमेर डालमिया, राज अग्रवाल, प्रदीप कुमार अग्रवाल, रामसेवक अग्रवाल, त्रिलोकी नाथ बजाज, दिव्यानंद अग्रवाल, अशीष अग्रवाल, भगवती अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, पुरूषोत्तम गुप्ता, कीर्ति अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, आभा अग्रवाल, जयंत अग्रवाल, राजेश बसावतिया, श्रीमति मनीषा गोयल, श्रीमति रश्मि सरावगी व भारी संख्या में अग्रबन्धु, महाविद्यालय के शिक्षक/शिक्षकाऐं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com